◆ वर्ष - 35 ◆ अंक 66 ◆ www.skhnewstv.com ◆ 24 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद ◆ पृष्ठ : 8 ◆ मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति

SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज

3 महिला ताइक्वांडो : उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियो ने जीते चार स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य

4 तनाव, चिंता, भय, नकारात्मकता से मुक्ति के लिए सहज समाधान है राजयोग : ब्रह्मा कुमार

5 सीनियर वूमेंस स्टेट फुटबाल टीम के लिए 25 सम्भावित महिला खिलाड़ी चयनित

6 भाजपा का सेवा पखवाड़ा : मंडलीय व जिला चिकित्सालय लगा हेल्थ कैंप

7 रक्तदान उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किए गए अमित गुप्ता

## भारत वैश्विक प्रगति का उत्प्रेरक बन अपना प्रभाव बढ़ा रहा : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, 22 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज वैश्विक विकास,



शांति, जलवायु कार्रवाई, कौशल और सप्लाई चैन मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। इसके पीछे भारत का मकसद दुनिया में दवाब बढ़ाना नहीं बल्कि प्रभाव बढ़ाना है। हम सूरज की तरह रोशनी देने वाले हैं। हम विश्व पर दबदबा नहीं चाहते हैं, हम विश्व की समृद्धि में अपना सहयोग बढ़ाना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान आज न्यूयॉर्क के लॉन्ग आईलैंड में आयोजित 'मोदी एंड अमेरिका' नामक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि ह्यूस्टन और लॉस एंजेलिस में भारत महावाणिज्य दूतावास खुलेगा और ह्यूस्टन यूनिवर्सिटी में तिरुवल्लुवर चेयर ऑफ तमिल स्टडीज की शुरूआत की जाएगी।

भारत और अमेरिकी संबंधों को आधुनिक तकनीकी विकास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि यह एस्पिरेशनल इंडिया (आकांक्षी भारत) का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एआई का अर्थ अमेरिकन इंडियन है, जो दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने तीसरी बार देश में सत्ता वापसी को ऐतिहासिक बताया और उनके विजन से जोड़ते हुए इसे 'पुष्प' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि 'पुष्पह्ल (पीयूएसएचपी) का अर्थ प्रोग्रेसिव इंडिया, अनस्टॉपेबल इंडिया, स्पिरिचुअल इंडिया, ह्यूमैनिटी फर्स्ट इंडिया और प्रॉस्पर इंडिया है। अर्थात भारत प्रगति, निरंतरता, आध्यात्मिकता, मानवता और समृद्धि के मूल्य और सपनों के साथ आगे बढ़ रहा है।

अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय को भारत का राष्ट्रीय दूत बताते हुए उन्होंने कहा कि वह आज भी अपने जड़ों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई समुद्र इतना गहरा नहीं है जो सात समंदर पार आए इन भारतीयों को अपनी पहचान से दूर कर सके। यहां रहने वाला भारतीय समुदाय अलग-अलग भाषा बोलता है लेकिन उनका भाव एक है भारत माता की जय।

भारत की वैश्विक नीति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत कुछ कहता है तो दुनिया सुनती है। अभी तक हम सबसे दूरी बनाकर चलते थे लेकिन अब हम सबसे करीबी बना कर चल रहे हैं। हमारा मानना है कि ज्ञान दूसरों के साथ साझा करने, संपदा अन्यों की देखभाल और शक्ति सबको संरक्षण देने के लिए है।

अपने भाषण में उन्होंने चेस ओलंपियाड में भारतीय टीम को मिली जीत का उल्लेख किया और साथ ही कहा कि 2036 में हम भारत में ओलंपिक खेलों के साक्षी बनेंगे।

वहीं दैनिक दिनचर्या को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने लाइफ स्टाइल में थोड़े से बदलाव करके भी पर्यावरण की बहुत मदद कर सकते हैं। आजकल भारत में एक पेड़ मां के नाम लगाया जा रहा है। मां जिंदा तो साथ ले जाना, नहीं है तो तस्वीर ले जाना, ये अभियान आज देश के कोने-कोने में चल रहा है।

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने बदलते भारत की तस्वीर भी सबके सामने रखी। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में भारत में हर सप्ताह एक यूनिवर्सिटी बनी है। हर दिन दो नए कॉलेज बने और एक नई आईटीआई की स्थापना हुई है। इंफ्रास्ट्रक्टर की बात करें तो आज हमारे रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट सोलराइज हो रहे हैं। भारत में बहुत बड़ी संख्या में ग्रीन जॉब पैदा हो रहे हैं। 21वीं सदी का भारत एजुकेशन, स्कील, रिसर्च की ओर से आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि हमने ग्रीन ट्रांजेशन का रास्ता चुना है। प्रकृति प्रेम के संस्कारों ने हमें गाइड किया है, इसलिए हम सोलर, ग्रीन हाइड्रोन, न्यूक्लियर एनर्जी पर इन्वेस्टमेंट कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अब तक भारत में सेमी कंडक्टर यूनिट भी शुरू हो चुकी है। वो दिन दून नहीं जब आप मेड इंडिया चिप अमेरिका में भी देखेंगे। भारत में लोगों के फोन में ई-वॉलेट है। भारतीय अब अपने डॉक्यूमेंट्स फिजिकल फोल्डर में नहीं रखते हैं, उनके पास अब डिजिलॉकर है।

भारत अब रुकने वाला नहीं, थमने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि हमने मेड इन इंडिया टेक्नोलॉजी पर काम किया। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मेन्युफैक्चरर है। हम अब मोबाइल एक्सपोर्टर बन गए हैं। भारत ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का नया कॉन्सेप्ट दुनिया को दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत पांच साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा

न्यूयॉर्क, 23 सितंबर (हि.स.)। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की नामी गिरामी प्रौद्योगिकी कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल मीटिंग में कहा कि भारत पांच साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। यह लक्ष्य हम अपने तीसरे कार्यालय में हासिल कर लेंगे। आज हमारा इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर 150 बिलियन डॉलर से अधिक का है। हमारा लक्ष्य इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने का है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान यहां कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भारत इंडस्ट्री के साथ जितना सहयोग हो सकता है वह करने के लिए तैयार हैं। भारत में 500 मिलियन से ज्यादा कामकाजी लोग हैं। देश का यूथ स्टीम की पढाई में काफी रुचि ले रहा है। खासकर बेटियां इन क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज युवा की ट्रेनिंग और अपस्केलिंग बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र को लेकर आगे चल रहा है। आज का भारत महत्वाकांक्षी सपने देखता है। उन्हें पूरा करने का भरसक प्रयास भी करता है। 21वीं सदी तकनीकी संचालित है। इसलिए तकनीक और लोकतंत्र में संतुलन बहुत जरूरी है। लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक का मेल मानव कल्याण की गारंटी देता है। भारत के पास प्रतिभा, लोकतंत्र और मार्केट है। ऐसी गोल्डन ऑपर्च्युनिटी नायाब होती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान पिछले वर्ष की अपनी वाशिंगटन यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा मुझे तब एक कार्यक्रम में आपमें से कई साथियों से मिलने का मौका मिला।आज एक साल बाद यहां दुनिया के बड़े-बड़े इनोवेटर के साथ बैठक कर गर्व महसूस हो रहा है।

## आतिशी के सीएम की कुर्सी पर न बैठने को भाजपा ने बताया नौटंकी, कांग्रेस बोली-भ्रष्टाचारी की राम से तुलना सही नहीं

नई दिल्ली, 23 सितंबर (हि.स.)। आतिशी के दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने के बाद भी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर न बैठने पर दिल्ली




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कटाक्ष किया है और पूछा है कि क्या वह नौटंकीबाजी और चमचागिरी करने आई हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज फिर एक बार आम आदमी पार्टी (आआपा) ने अपने चरित्र के अनुसार दिखावा किया है और भ्रष्टतंत्र पर पर्दा डालने का प्रयास किया है। यही पार्टी का वास्तविक चेहरा है; जिस नौटंकीबाजी और चमचागिरी को करने में आतिशी लगी हैं, इस तरह सरकारें नहीं सिर्फ. नौटंकी कंपनियाँ चलती हैं।

सचदेवा ने कहा कि आतिशी मालेर्ना ने आज संविधान के साथ खेलने की कोशिश की है, जिस तरह से उन्होंने 2 कुर्सी दिखाई है, ये सीधा-सीधा संवैधानिक नियमों का उल्लंघन है, संवैधानिक पद का मजाक बनाना है। एक संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता चमचागिरी की पराकाष्ठा में यहाँ तक गिर गई हैं कि उन्हें संवैधानिक नियमों और कायदे कानून का ज्ञान तक नहीं है।

उन्होंने कहा कि आपको चमचागिरी करनी है तो आप स्वतंत्र हैं, लेकिन कम से कम मुख्यमंत्री की कुर्सी और कार्यालय को छोड़कर यह सब कीजिए। एक भ्रष्टाचारी जो कि जमानत पर छूटा है आपकी चमचागिरी ईमानदारी का टैग लगाकर उसे ईमानदार साबित नहीं कर पाएंगी।

सचदेवा ने कहा कि आज आपका पहला दिन था, आपको बताना चाहिए था कि दिल्ली वालों के लिए आपका विजन क्या है?, कैसे दिल्ली की सड़कें ठीक होंगी?, कैसे बिजली के बढ़े हुए बिल वापस होंगे?, कैसे लोगों को पीने का पानी मिलेगा?, जो मार्शल आआपा ने निकाल दिए हैं उनकी नौकरी कैसे पक्की होगी?, संविदा शिक्षक व स्वास्थ्य विभाग में जिन्हें आपने पक्का करने का वादा किया था उन्हें पक्का कैसे किया जाएगा, आपको ये सब बात करनी चाहिए थी।

दूसरी ओर दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी आपत्ति जाहिर की है। देवेंद्र ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में जेल में रह कर आए नेता अरविंद केजरीवाल की तुलना भगवान राम से किया जाना आपत्तिजनक है ।

उन्होंने कहा कि आतिशी ने हद कर दी, जो उम्मीदें दिल्ली के लोगों को इस सरकार से थी वो आज पूरी तरह से खत्म हो गई। आप भूल गई कि यह वो दिल्ली है जिसको महिला सशक्तीकरण की अप्रतिम उदाहरण शीला दीक्षित ने प्रगति के नए आयाम पर पहुँचाया था। दिल्ली के लिए और देश की समस्त नारी शक्ति के लिये आज बेहद दुर्भाग्यपूर्ण दिन है।

कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र ने कहा कि आतिशी ने आज खुद अपने आप को डमी सीएम के रूप में पेश किया है। आज इस हरकत से साबित हो गया कि लोगों को दिल्ली की मुख्यमंत्री से कोई उम्मीद नहीं रखनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि आतिशी ने आज से मुख्यमंत्री पद की कमान संभाली लेकिन वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठी। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी उनका इंतजार करेगी।

### ईओ की गाडी के सामने लेटी सफाई कर्मचारी महिला

हाथरस।करीब दो सप्ताह से भी अधिक समय से अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अपनी सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर सासनी में काम बंद हडताल पर हैं। कई बार वार्ता होने के भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला है, इससे आक्रोशित महिला सफाई कर्मचारी ईओ की गाडी के आगे लेट गई और सफाई कर्मचारी अपनी मांगों पूरा करने की मांग करने लगे। मगर ईओ ने उनकी एक न सुनी और अपने गंतव्य को चले गये। तब सफाई कर्मचारियों ने डीएम राहुल पांडेय से मिलकर अपनी समस्याओं के समाधान कराने का मन बनाया है।इस दौरान प्रदीप बाल्मीक, अशोक चैहान, हरीशंकर, राजेश कुमार, निक्की, सुरजीत, दयाचंद, नीरू, सूरजमुखी, शारदा, मंजू, नीलम, गीता, रामवीर, आकाश, सोनू, पवन, वीरीसिंह, अनिल, कविता, पूजा, रजनी, कौशल, प्रमोद, दीपक, कुलदीप, आदि तमाम सफाई कर्मचारी आंदोलन में शामिल हैं।

## 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' के आज छह साल पूरे, नड्डा ने इसे बताया विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र

नई दिल्ली, 23 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' के आज छह साल पूरे हो गए। आज इसकी छठी वर्षगांठ पर केंद्रीय स्वाथ्यमंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है।

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' की छठी वर्षगांठ गर्व का क्षण है। सितंबर 2008 में शुरू यह योजना आज विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में से एक है।

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रगतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व के तहत, भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य आश्वासन योजना- आयुष्मान भारत योजना है। यह सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के लिए समान स्वास्थ्य देखभाल पहुंच प्रदान करने की इस सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में, इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। आशा, उपचार और, कई मामलों में, जीवन रक्षक उपचार की पेशकश की है।

एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि जब कोई राष्ट्र अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार के साझा लक्ष्य के साथ एक साथ आता है तो क्या हासिल किया जा सकता है।

## घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी का सिलसिला, नए शिखर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

### -निवेशकों ने 1 दिन में की 4.29 लाख करोड़ की कमाई

नई दिल्ली, 23 सितंबर (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी का सिलसिला आज लगातार चौथे कारोबारी दिन भी जारी रहा। शेयर बाजार ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड से कारोबार की शुरूआत की, दिन के कारोबार में शेयर बाजार के दोनों सूचकांक मजबूती के नए शिखर पर पहुंचे और अंत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बना कर मजबूती के नए शिखर पर आज के कारोबार का अंत किया। आज दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

पूरे दिन के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, बैंकिंग और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही रियल्टी, ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। सिर्फ आईटी सेक्टर में आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार लिवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के करोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 476 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 471.71 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.29 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।



आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,233 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,381 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,731 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 121 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,501 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,562 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 939 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 106.84 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 84,651.15 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद पहले 1 घंटे के कारोबार में लगातार खरीदारी होती रही, जिससे ये सूचकांक उछल कर मजबूती के नए शिखर 84,881.79 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक 84,607.38 अंक के स्तर तक गिर गया।

हालांकि, दोपहर 12 बजे के बाद एक बार फिर खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले 436.22 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 84,980.53 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 384.30 अंक की तेजी के साथ क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 84,928.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 81.60 अंक की छलांग लगा कर ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 25,872.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 25,847.35 अंक तक लुढ़का। खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये सूचकांक 165.05 अंक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 25,956 अंक तक पहुंचने में भी सफल रहा।

दिन भर की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 148.10 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 25,939.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.35 प्रतिशत, बजाज ऑटो 3.33 प्रतिशत, ओएनजीसी 3.21 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प 2.95 प्रतिशत और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, आयशर मोटर्स 1.68 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 1.43 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.24 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 1.02 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 0.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## 2030 तक एक लाख चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है : मनोहर लाल खट्टर

नई दिल्ली, 23 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि सौ दिनों में हमने नेशनल इलेक्ट्रिसिटी प्लान तैयार कर लिया है।

पंद्रह दिनों के भीतर इसकी विधिवत घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश को वर्ष 2030 तक 425 गीगावाट व 2032 तक 458 गीगावाट इलेक्ट्रिसिटी उत्पादन की योजना है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए अभी तक देश में 34 हजार चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं।

जबकि 2030 तक एक लाख चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे के कार्यकाल के पहले सौ दिन के दौरान कार्ययोजना को लेकर केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर सोमवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

इसके पहले उन्होंने यहां कुतुब इंस्टीयूटशनल एरिया में स्थित नादर्न रीजनल पावर कमेटी (एनआरपीसी) परिसर में पावर ग्रिड साइबर सुरक्षा प्रणाली का उद्घाटन किया।

इस मौके पर केंद्रीय उजार्मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि देश की उर्जा प्रणाली की सुरक्षा की जरूरत को ध्यान में रखकर साइबर सुरक्षा प्रणाली अपनाई जा रही है।

उन्होंने अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) में पिछले दिनों हुए साइबर अटैक की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह के खतरों को टालने के लिए साइबर सिक्योरिटी की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि पावर ग्रिड सिस्टम को बचाने के लिए कार्यरत तकनीकी टीम केंद्र ही नहीं राज्यों के पावर ग्रिड पर हमलों से रक्षा करेगी।

## सम्पादकीय

# जल-संधि की समीक्षा

पाकिस्तान को सिंधु की देन इसलिए कहा जाता है कि यदि सिंधु नदी पाकिस्तान से गायब हो जाए, तो वह पूरा देश पत्थरों और रेगिस्तान का ढेर हो जाएगा। पाकिस्तान की इस नियति की डोर भारत के हाथ में है। दोनों देशों के बीच ह्यसिंधु जल संधि 1960 में हुई थी, जिसकी मध्यस्थता विश्व बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष ने की थी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के तानाशाह राष्ट्रपति अयूब खान ने संधि के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के अनुसार झेलम, चिनाब, सिंधु नदियों का पानी पाकिस्तान में बहने दिया जाएगा। वह उस पानी का साधिकार उपयोग भी कर सकेगा। सतलुज, ब्यास, रावी नदियों पर भारत का अधिकार होगा। भारत सिंधु नदी के 20 फीसदी पानी का ही उपयोग कर सकता है, जबकि 80 फीसदी पानी पर अधिकार पाकिस्तान का होगा। बीते 6 दशकों से अधिक समय से यह संधि निरंतर लागू है, जबकि इस दौरान कई युद्ध भी हुए हैं। अब भारत सरकार ने पाकिस्तान की हुकूमत को नोटिस भेजा है कि ह्यसिंधु जल संधिह्न की सम्यक समीक्षा और परिवर्तन की जरूरत है। यह कड़ा संदेश बीते साल इस्लामाबाद को भेजे गए नोटिस का फॉलोअप है। सिर्फ इसी से पाकिस्तान कराहने और चिलचिलाने लगा है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुद्दा उठाने की चेतावनी देने लगा है। फिलहाल भारत पाकिस्तान से पानी छीनने की मुद्रा में नहीं है, लेकिन संधि का उल्लंघन करते हुए पाकिस्तान 70 फीसदी तक पानी का इस्तेमाल कर रहा है और भारत 30 फीसदी पानी का उपयोग भी नहीं कर रहा है। दरअसल पाकिस्तान भारत की पनबिजली परियोजनाओं के निर्माण में रोड़े अटकाता रहा है। मामला अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत तक भी गया है। झेलम नदी पर किशनगंगा पनबिजली प्रोजेक्ट की अनुमति अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत ने ही भारत को दी थी और चिनाब नदी पर भी पनबिजली का एक प्रोजेक्ट निमार्णाधीन है, लेकिन पाकिस्तान विरोध करता रहा है। जल-संधि के विवादों के निपटान के लिए विश्व बैंक द्वारा नियुक्त तटस्थ विशेषज्ञ की मध्यस्थता तक की नौबत आ सकती है।

हालात ऐसे हैं कि यदि भारत कुछ समय के लिए झेलम, चिनाब नदियों के जल-प्रवाह को रोक दे, तो पाकिस्तान त्राहि-त्राहि करने लगेगा। प्यासा मरने और कृषि-संकट के हालात पैदा हो जाएंगे। जब पाकपरस्त आतंकियों ने उरी में आतंकी हमला किया था, तो भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। यह स्थिति आज भी है, क्योंकि भारत तब तक पाकिस्तान के साथ बातचीत करने को तैयार नहीं है, जब तक सीमापार आतंकवाद को रोका नहीं जाता। संवाद और आतंकवाद भी साथ-साथ नहीं चल सकते। ऐसे गतिरोध के मद्देनजर संधि की समीक्षा कैसे संभव है? क्या उसके लिए दोनों का साथ-साथ बैठना अनिवार्य नहीं है? भारत की पर्यावरणीय और आर्थिक चिंताएं और सरोकार भी अंतरराष्ट्रीय हैं। भारत जलवायु-परिवर्तन के वैश्विक समझौतों से भी बंधा है। बीते साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत ने हस्तक्षेप किया और कहा कि वह किशनगंगा और रतले पनबिजली परियोजनाओं पर निर्णय लेने में सक्षम है। भारत असहमत रहा, क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय अदालत के बजाय तटस्थ विशेषज्ञ की मध्यस्थता के पक्ष में था। भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी अपनी भूमिका निभाना चाहता है। 850 मेगावाट की रतले पनबिजली परियोजना उसकी इसी भूमिका का हिस्सा है। रतले से जो रोजगार सृजन होगा, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लिहाजा पाकिस्तान को जो नोटिस भेजा गया है, वह स्वच्छ एवं पर्यावरणीय ऊर्जा को विकसित करने के संदर्भ में भी है, ताकि उत्सर्जन के लक्ष्य हासिल किए जा सकें। सिंधु जल संधि का अगला कदम ऊर्जा को साझा करने का समझौता हो सकता है, लेकिन दोनों देशों में लगभग दुश्मनी ठनी है, तो ऐसे समझौते और संधियां कैसे संभव हैं? सबसे पहले यह प्रयास किया जाना चाहिए कि सिंधु जल संधि बरकरार रहे, ईमानदारी से उसे लागू करते रहें। युद्ध और आतंकवाद के बावजूद यह संधि बरकरार रही है, लिहाजा अब मौजूदा वैश्विक हालात के बावजूद अगले कदम पर विचार किया जा सकता है। यदि संधि की समीक्षा इतनी अनिवार्य है, तो उसके लिए बातचीत की मेज तक क्यों नहीं आ सकते? नई जल-संधि में देश के हितों को संरक्षण मिलना चाहिए।

# आयुष्मान भारत: भारत की स्वास्थ्य यात्रा में मील का पत्थर

जगत प्रकाश नड्डा

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (अइ - ढटखअ ) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई एबी-पीएमजेएवाई आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है।

एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है।

हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे आशा बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था।

55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में, आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है।

इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी-पीएमजेएवाई ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

### विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम

एबी-पीएमजेएवाई की एक विशेषता इसका मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं।

इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है।

आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त, इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### समग्र स्वास्थ्य सेवा

आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। एबी-पीएमजेएवाई के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (अअट) के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक अअट स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं।

ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं।

### चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना

आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### स्वस्थ भारत का सपना

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दशार्ती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर आइए हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

(लेखक, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की जरूरत

आर.के. सिन्हा

भारत अपने नागरिकों को सेहतमंद रखने के लिए तुरंत एक अहम कदम यह उठा सकता है कि वह केन्द्र और राज्य सरकारों की सेवाओं से जुड़े सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ा दे। पिछले कुछ दशकों में भारतीयों की औसत उम्र में भी लगातार सुधार हो रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत में औसत उम्र का दर 1950 में लगभग 37 वर्ष से बढ़ कर अब लगभग 70 वर्ष की हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों की रिटायरमेंट की आयु इन परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई है, पर इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी है। वक्त का तकाजा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को 70 वर्ष तक कर दिया जाए। आपको देशभर में हजारों अनुभवी डॉक्टर मिल जाएंगे जो 70 साल तो छोड़िए 75 और उससे भी अधिक उम्र में प्रैक्टिस कर रहे हैं। राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. करौली तो 90 साल की उम्र तक रोगियों को रोजाना चार-पांच घंटों तक देखा करते थे। वे नेहरू जी से लेकर शास्त्री जी के भी चिकित्सक थे। मुंबई में भी 80 से ज्यादा वसंत देखने के बाद भी मशहूर डॉक्टर डॉ. बी.के. गोयल एक्टिव थे। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण आपको मिल सकते हैं।

भारत में आने वाले सालों में अनेकों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि हर साल देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 हजार से ज्यादा डॉक्टर देश को मिलें। इनके अलावा वे डॉक्टर भी हैं जो भारत के बाहर जाकर मेडिसन की डिग्री लेकर आते हैं। आप मान सकते हैं कि देश के हेल्थ सेक्टर में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि लगातार होती रहेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लाभ देश के हेल्थ सेक्टर को मिलता रहे। यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल मानते हैं कि सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ा कर 70 करने से न केवल अनुभवी डॉक्टरों की कमी दूर होगी, बल्कि युवा चिकित्सकों को जरूरी मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।

दरअसल, मेडिसन की दुनिया में अनुभव का बहुत अधिक महत्व है। यहां जब कोई नौजवान मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेता है, उसके बाद वह अपने अध्यापकों के अलावा मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों के संपर्क में लगातार रहता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लंबे समय तक लाभ उन्हें मिलता रहे, जो इस पेशे में आ रहे हैं। वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव और इस पेशे में आए नए डॉक्टर मिलजुल कर मरीजों के रोगों के उपचार को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस रोशनी में सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाना जरूरी कदम हो सकता है। चूंकि डॉक्टर अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देते हैं इसलिए वे 70 साल की उम्र तक तो पूरी तरह से काम करने लायक होते हैं।

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण हिस्सों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है।

हर रोज राजधानी दिल्ली के एम्स, राममनोहर लोहिया अस्पताल, लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल, गंगाराम अस्पताल वगैरह में हजारों ग्रामीण दूरदराज के राज्यों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील का सफर कर यहां आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। इस समस्या का एक हल यह भी है कि रिटायरमेंट की आयु बढ़ने से वहां पर तैनात डॉक्टरों को सेवा करने का मौका मिलता रहेगा। डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि देश के ग्रामीण भागों में सर्जनों, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, फिजीशियनों और बाल रोग विशेषज्ञों की मांग को भी पूरा करने की जरूरत है। डॉक्टरों के सेवा विस्तार से गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है।

वरिष्ठ डॉक्टर अक्सर हेल्थ सेक्टर मैनेजमेंट और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा विस्तार करने से उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नीतियों को आकार देने और अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकेगा। जैसा कि ऊपर कहा गया कि जब भारत में डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई, तो हिन्दुस्तानियों की औसत उम्र काफी कम थी। 1950 और 1960 के दशक में जब औसत उम्र कम थी तो 55 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु उचित मानी जाती थी। 1970 के दशक में बढ़ कर 58 वर्ष हुई और फिर 1990 के दशक में 60 वर्ष। 2017 में केंद्र सरकार के डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई थी, ताकि अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों को अधिक समय तक बनाए रखा जा सके। अब वक्त का तकाजा है कि केन्द्र और राज्य सरकारों के अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ाया जाए।

अमेरिका और यूरोप के देशों में शोध कार्यों से जुड़े डॉक्टर जीवन भर सेवा में रहते हैं। जब यह व्यवस्था अन्य देशों में हो सकती है तो फिर भारत में क्यों नहीं। भारत में तो अनुभवी डॉक्टरों की हमेशा ही मांग बनी रहती है। भारत के लिए अपने डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु की समीक्षा करने का समय आ गया है। उम्मीद करनी चाहिए कि इस लिहाज से सरकार जल्दी कोई फैसला लेगी।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# पितृ पक्ष पर विशेष: श्रद्धा के बिना अधूरा है श्राद्ध

-योगेश कुमार गोयल

हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष (श्राद्ध) को अहम माना गया है। श्राद्ध का अर्थ होता है ह्यश्रद्धापूर्वकह्न हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परिजनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में ह्यमहालयह्न या ह्यकनागतह्न के नाम से भी जाना जाता है।

माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं।

हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं।

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आह्वान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है।

पितृ पक्ष के दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीददारी, नए कपड़े खरीदना, नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं। इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण-श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है।

ज्योतिष शास्त्र में पितृ दोष को अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता-पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है।

सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण असंभव है। ऋषि ऋण से स्वाध्याय के जरिये, देवऋण से यज्ञ के जरिये और पितृ ऋण से श्राद्ध तथा तर्पण द्वारा मुक्ति प्राप्त हो सकती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध पक्ष में पितरों से संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। महर्षि वेद व्यास के अनुसार जो व्यक्ति श्राद्ध द्वारा अपने पितरों को संतुष्ट करता है, वह पितृ ऋण से मुक्त होकर ब्रह्मलोक को जाता है।

महर्षि जाबालि के अनुसार अपने पितरों का श्राद्ध करने वाले व्यक्ति को पुत्र, आयु, आरोग्य, ऐश्वर्य और इच्छित फल की प्राप्ति होती है।

श्राद्ध पक्ष के दौरान दिन में सोना, असत्य भाषण, रति क्रिया, सिर और शरीर पर तेल, साबुन, इत्र आदि लगाना, मदिरापान करना, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, अनैतिक कृत्य तथा किसी भी जीवधारी को कष्ट पहुंचाना निषेध माना गया है। पितृपक्ष को लक्ष्मी और ज्ञान की साधना के लिए उत्तम काल माना गया है।

पितरों के निमित्त आयोजित किए जाने वाले पितृ पक्ष को आत्मबोध के लिए भी अति उत्तम तथा जीवन के संघर्ष को उत्कर्ष में परिवर्तित करने का समय माना गया है। हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार श्रद्धा से किया गया श्राद्ध पूर्वजों तक पहुंचे या न पहुंचे लेकिन यह जीवन में उन्नति और प्रगति के द्वार अवश्य खोल सकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# तनाव, चिंता, भय, नकारात्मकता से मुक्ति के लिए सहज समाधान है राजयोग : ब्रह्मा कुमार

## -ब्रह्माकुमारीज का समाधान कार्यक्रम सम्पन्न

गाजियाबाद, 23 सितंबर (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, प्रेरक वक्ता, वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्मा कुमार सूर्य ने कहा कि मानव जीवन में सुख, शांति, आनंद, गुणों की समाप्ति




का कारण आध्यात्मिक ज्ञान की अनुपस्थिति है। आध्यात्मिक ज्ञान आत्मज्ञान व परमात्म ज्ञान के आधार पर आत्म सम्मान, आत्मविश्वास, आत्म अनुशासन एवं आत्म बल का विकास करता है।

वह सोमवार को एक होटल में ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित समाधान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन की सुषुप्त शक्तियों को जागृत कर हर परिस्थिति को सहजता से पार करने की शक्ति प्रदान करता है। युवाओं को अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की शक्ति तथा सकारात्मकता प्राप्त करना आध्यात्मिकता से सहज हो जाता है। इस अवसर पर उन्होंने श्रोताओं के अनेक प्रश्नों का समाधान भी किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सांसद अतुल गर्ग ने अपने उद्बोधन में समाधान कार्यक्रम को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हम सभी के लिए शांति, प्रेम, दया एवं सहानुभूति का संदेश देता है। धैर्यता और साहस जैसे गुणों को स्वयं में धारण करने की शक्ति देता है।

प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना एवं तकनीकी मंत्री सुनील शर्मा ने ब्रह्माकुमारीज की निःस्वार्थ सेवा का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के चारित्रिक विकास के लिए बिना किसी भेदभाव की, की जा रही सेवाएं अद्वितीय हैं। समाधान कार्यक्रम से मनुष्य के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई देगा।

माउंट आबू से ही पधारीं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका तथा प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमारी गीता ने गहन राजयोग अनुभूति करायी तथा आध्यात्मिकता की गुह्य रहस्यों के बारे में प्रकाश डाला। कंट्री इन, साहिबाबाद के प्रबंध निदेशक प्रदीप जैन ने आयोजन कताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह स्थान आध्यात्मिक प्रकम्पनों से सकारात्मक एवं आनंद से परिपूर्ण हुआ है। अवार्चीन स्कूल के बच्चों द्वारा गणेश स्तुति नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कुमारमंगलम बिड़ला स्कूल के बच्चों की गायन प्रस्तुति दी।

कवि नगर सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी राजेश, ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुड़गांव से ब्रह्माकुमारी इशू, दिल्ली से मीडिया जोनल संयोजिका ब्रह्माकुमारी सुनीता, वसुंधरा राजयोग केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रंजना तथा अतिथियों में वसुंधरा के निगम पार्षद नरेश भाटी तथा सुश्री प्रतिमा शर्मा, रामप्रस्थ के निगम पार्षद राजकुमार, भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, नंदग्राम के पार्षद विरेन्द्र त्यागी, संतोष पाराशर, चंद्रशेखर मुकुंद, विजय गुलाटी, रमन राजा खन्ना, सुश्री किरण श्रीवास्तव, सुनीता झा, डॉक्टर अलका, वंदना गुप्ता, शशि शर्मा, अर्चना गर्ग, सीमा बहल, वंदना प्रिंसी फाउंडेशन, डॉ साक्षी शर्मा तथा डॉ अश्विनी वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

# गुजरात हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के खिलाफ दाखिल आपराधिक अवमानना याचिका खारिज

प्रयागराज, 23 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जस्टिस सुनीता अग्रवाल (पूर्व



न्यायाधीश, इलाहाबाद हाईकोर्ट (वर्तमान में मुख्य न्यायाधीश, गुजरात उच्च न्यायालय) के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए न्यायालय की अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 15(1)(बी) के तहत एक वकील द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेन्द्र सिंह-प्रथम की पीठ ने याचिका को तुच्छ, परेशान करने वाली, गैर-जिम्मेदाराना और ह्गलत धारणाह्ल वाली करार दिया और कहा कि संस्थान के समुचित कामकाज के हित में इस तरह के आवेदनों को हर तरह से हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

अधिवक्ता अरुण मिश्रा का कहना था कि वर्ष 2020 में उनके द्वारा दायर एक रिट याचिका को न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल की खंडपीठ ने (7 दिसम्बर, 2020 को) उन्हें अपनी दलीलें पेश करने की अनुमति दिए बिना खारिज कर दिया था और उन पर 15,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया था।

अधिवक्ता 23 फरवरी, 2021 को न्यायमूर्ति अग्रवाल की अगुवाई वाली खंडपीठ द्वारा पारित एक अन्य आदेश से भी व्यथित थे, जिसमें एक मामले में वह याचिकाकर्ता की ओर से पेश हो रहे थे, जिसे ह्लअभियोजन के अभावह्ल के कारण खारिज कर दिया गया था। उनका कहना था कि उसी दिन, हालांकि अन्य वकीलों के मामलों को अभियोजन के अभाव के कारण खारिज नहीं किया गया था और दूसरी तारीख लगा दी गई थी।

उन्होंने तर्क दिया कि यह आदेश जानबूझकर पक्षपातपूर्ण तरीके से पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य उन्हें परेशान करना और नुकसान पहुंचाना था, जो वास्तव में अपने कोर्ट की अवमानना के समान है। हाईकोर्ट ने उनकी दलील में कोई गुण नहीं पाते हुए उनकी याचिका को खारिज करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति अग्रवाल का कृत्य और आदेश पारित करने का आचरण अधिनियम में परिभाषित ह्लआपराधिक अवमाननाह्ल के दायरे में किसी भी तरह से नहीं आता। न्यायालय ने आगे कहा कि एक अधिवक्ता के रूप में कोर्ट, न्यायालय के एक अधिकारी के रूप में उससे एक निश्चित सीमा तक जिम्मेदारी और संयम की अपेक्षा करता है।

न्यायालय ने इस तथ्य पर भी ध्यान दिया कि आवेदक-अधिवक्ता ने पहले भी न्यायमूर्ति अग्रवाल के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए लिखित सहमति मांगते हुए यूपी के महाधिवक्ता कार्यालय में एक आवेदन प्रस्तुत कर अपनी शिकायत उठाई थी। हालांकि, उक्त आवेदन 7 मई, 2024 को खारिज कर दिया गया था।

हाईकोर्ट ने आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति देने से महाधिवक्ता के इनकार को चुनौती देने वाली रिट याचिका को खारिज कर दिया था। इसलिए, न्यायालय ने आगे कहा कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए, अधिनियम निमार्ताओं ने ऐसे आवेदनों को सीधे दायर करने पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक समझा तथा उन्हें महाधिवक्ता की लिखित सहमति से दायर करने की आवश्यकता बताई।

# विलम्ब शुल्क के साथ इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितम्बर हुई

मुरादाबाद, 23 सितम्बर (हि.स.)। इग्नू अध्ययन केंद्र हिन्दू कालेज मुरादाबाद के समन्वयक प्रो. एके सिंह ने सोमवार को बताया कि सत्र जुलाई 2024 के लिए इग्नू ने स्नातक एवं परास्नातक (वार्षिक) डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले नए प्रवेशार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 200 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ बढ़ा दी है। नए प्रवेश हेतु अब तक अंतिम तिथि 22 सितम्बर थी जिसे बढ़ाकर 30 सितम्बर कर दिया गया है।

प्रो. एके सिंह ने आगे बताया कि इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि वे अपनी रुचि के किसी कोर्स में प्रवेश चाहते हैं तो उन्हें इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट ६६६ॅल्लङ्ग४ूल्ल पर जाकर समर्थ पोर्टल के माध्यम से सबसे पहले अपना पंजीकरण कराना होगा। तत्पश्चात उन्हें उसी पंजीकरण संख्या के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरना है। इग्नू के समस्त शुल्क ऑनलाइन ही जमा होते हैं। स्नातक के पारंपरिक कोर्स जैसे बीए/बीएससी/बीकाम में अनुसूचित जाति के अर्ह विद्यार्थियों को नियमानुसार शुल्क से छूट भी मिलती है।

प्रो. एके सिंह ने कहा कि कोर्स से सम्बंधित अधिक जानकारी हेतु प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक हिन्दू कालेज मुरादाबाद स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र पर मिलें।

# गंगा में डूब रहे तीन लड़कों को पुलिस के जवानों ने बचाया, लोगों ने की सराहना

वाराणसी, 23 सितम्बर (हि.स.)। दशाश्वमेध घाट पर सोमवार को गंगा नदी में नहाते समय तीन लड़के गहरे पानी में डूबने लगे। यह देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर वहां पहुंचे जल पुलिस और बाढ़ राहत दल के जवानों ने गंगा में छलांग लगाकर डूबे रहे तीनों लड़कों को पानी से सकुशल निकाल लिया। जान पर खेल कर तीन लड़कों को बचाने वाले पुलिस के जवानों की सोशल मीडिया में जमकर सराहना हो रही है।

नालंदा बिहार निवासी तीन युवक राजा कुमार, बिट्टू कुमार और अंशु कुमार दशाश्वमेध घाट पर गंगा में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान तीनों बाढ़ के पानी में डूबने लगे। आस-पास मौजूद लोगों के शोर को सुनकर तत्काल वहां पहुंचे जल पुलिस के जवान विनोद सिंह, कुमार गौरव और कपिल देव ने तत्काल गंगा में छलांग लगा दी। तीनों जवान लड़कों को गहरे पानी से निकाल ही रहे थे कि तब तक पीएसी बाढ़ राहत दल के जवान मेवालाल चौहान, आरक्षी राहुल यादव, सुधीर चौरसिया और अरुण कुमार भी उनकी सहायता के लिए गंगा में कूद गए। जवानों ने साहस का परिचय देकर तीनों लड़कों को पानी से निकाल लिया। तीनों लड़कों को सुरक्षित देख घाट पर मौजूद लोगों ने हर-हर महादेव के उद्घोष से ताली बजाकर जवानों का स्वागत किया। जान बचने पर तीनों लड़कों ने भी पुलिस के जवानों का आभार जताया।

# ब्रजेश पाठक ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

लखनऊ, 23 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को लखनऊ के चंदर नगर स्थित 50 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में गरीब, असहाय एवं वृद्धों की सेवा व उनके उत्तम स्वास्थ्य के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। आज सेवा पखावड़ा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सफलतम छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी जा रही हैं।

इस अवसर पर प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, नानक चंद लखमानी व मानसिंह समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े युवक से एक लाख रुपये की टप्पेबाजी

जालौन, 23 सितम्बर (हि.स.)। जनपद में सरेराह एक लाख रुपये की टप्पेबाजी की वारदात को शातिरों ने अंजाम दे डाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के इलाको में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के चंदकुआं चौराहे के पास अमित कुमार नाम का युवक पीएनबी बैंक से एक लाख रुपये निकालकर अपनी बाइक पर खड़ा था। तभी अज्ञात बदमाशों ने उसकी बाइक से झोले में रखे एक लाख रुपये छीनकर मौके से फरार हो गया।

इस वारदात की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित अमित कुमार ने घटना के बारे में बताया है कि वह बैंक से पैसे निकालकर अपनी बाइक पर खड़ा था, तभी बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया और पैसे छीनकर भाग गये।

कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# प्रदेश में हो रहे एनकाउंटर फर्जी: माता प्रसाद पांडेय

कानपुर, 23 सितंबर (हि.स.)। भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए सोमवार को कानपुर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मीडिया से कहा कि इस सरकार में मुस्लिम, यादव और ब्राह्मण है।

उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। पुलिस मुठभेड़ होती है और अपराधी घायल हो जाते है, लेकिन पुलिस के जवान सुरक्षित बच जा रहें है। मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से गोली चलती है।

इस सरकार में मुस्लिम, यादव और ब्राह्मण भाजपा के निशाने पर हैं।

इससे पूर्व सपा नेता व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय जेल में बंद इरफान सोलंकी के परिवार से मिले और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उनके साथ सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी भी सपा विधायक के घर मिलने पहुंचे थे।

# भीषण गर्मी से राजकीय इंटर कॉलेज की कई छात्राएं बेहोश

बाराबंकी, 23 सितंबर (हि.स.)। राजकीय इन्टर कालेज सिरौलीगौसपुर के कक्षा 9 ए की 4, कक्षा 10 की एक व कक्षा 12 की एक छात्रा भीषण गर्मी से बेहोश हो गई।सर दर्द पेट दर्द व बुखार , की दिक्कत में संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती करवाया गया।सूचना पर एस डी एम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पंहुची डाक्टरों से बातचीत की एवं छात्राओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के पश्चात राजकीय इन्टर कॉलेज सिरौलीगौसपुर पहुंची।

सोमवार को करीब दोपहर राजकीय इन्टर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में कक्षा 9 ए की हिंमांशी निवासी परसा,नैनसी पीठापुर,लाली करोरा,रुची प्यारेपुर,रेखा यादव दुर्जन पुर प्रिंयासी परसा को बेहोशी की हालत में संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर लाया गया जहां बच्चों का डॉ. इकबाल, डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. धीरेन्द्र पटेल आदि चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा।

उपचार के बाद सभी बच्चों को होश आ गया था। सूचना पर पहुंची एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह अस्पताल पहुँच कर होश में आई छात्राओं से बातचीत कर राजकीय इन्टर कालेज पहुँची। छात्र-छात्राओं का कहना था कि अचानक कक्षा 9 ए की छात्राएं बेहोश हुई फिर एक कक्षा 10 में व एक कक्षा 12की छात्रा को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है जबकि कुछ बच्चों को उनके परिजन दूसरे अस्पताल को उपचार के लिए ले गये ।सीएमएस डॉ. नीलम गुप्ता ने बताया है कि सभी बच्चों का उपचार किया जा रहा है। बच्चे होश में आ गए हैं।

# अधिवक्ता पुत्र की दिनदहाड़े मनबढ़ ने गला रेतकर की हत्या

जौनपुर, 23 सितम्बर (हि.स.)। जलालपुर थाना क्षेत्र के संघईपुर (कादीपुर) गांव के बगीचे में सोमवार दोपहर में सरेराह एक मनबढ़ युवक ने अपने पिता को थप्पड़ मारने वाले अधिवक्ता के पुत्र की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से गांव में हड़कम्प मच गया। मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर थानाध्यक्ष जलालपुर मनोज सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।

संघईपुर (कादीपुर) गांव निवासी रोहित चौहान (22) गांव के बगीचे में बैठकर मोबाइल देख रहा था। उसी समय गांव का ही चिघडू चौहान बगीचे में पहुंच गया। उसने रोहित के सिर के बाल को पकड़कर चाकू से कई बार गर्दन को रेत डाला। घटना के समय वहां कई लोग मौजूद थे। इस घटना को देखकर लोग भागने लगे। केवल वहां मौजूद गांव के राजेश चौहान ने घटना का विरोध किया, तब चिघडू ने उसके तरफ चाकू लहराते हुए भागने लगा। राजेश कुछ दूर तक उसके पीछे दौड़ा। हालांकि आरोपी मौके से भाग निकला। लोगों ने तत्काल लहूलुहान रोहित को उठाकर जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर एसपी सिटी अरविंद वर्मा, सीओ केराकत अजित कुमार व फॉरेंसिक टीम को लेकर पहुंच गये।

थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में कई महीने पहले मृतक रोहित चौहान तथा हत्या के आरोपी चिघडू चौहान के पिता से गाली गलौज हुई थी। रोहित ने अरविंद को दो तीन थप्पड़ मार दिया था। उसी रंजिश के चलते यह हत्या किए जाने की बात अभी तक सामने आ रही है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुट गई।

# आगामी पांच दिनों के मध्य छाए रहेंगे हल्के से माध्यम बादल, वर्षा के आसार नहीं

कानपुर, 23 सितंबर (हि.स.)। आगामी पॉच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है। यह जानकारी सोमवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एन. सुनील पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि सोमवार दिन का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सापेक्षिक आर्द्रता की बात की जाए तो अधिकतम 78 प्रतिशत और न्यूनतम 57 प्रतिशत दर्ज किया गया। हवा की औसत गति 0.5 किलोमीटर प्रति घंटा रही और हवा की दिशा उत्तर पश्चिम रही।

देश भर में मौसम प्रणाली

डॉ. पांडेय ने बताया कि 23 सितंबर से पश्चिमी राजस्थान और गुजरात के कच्छ क्षेत्र के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हो रही हैं।

समुद्र तल पर मानसून ट्रफ अब बीकानेर, कोटा, गुना, सागर, रायपुर, कलिंगपटनम से होकर दक्षिण-पूर्व दिशा में बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य भाग में पहुंच रही है।

पूर्वी पश्चिमी ट्रफ आंध्र प्रदेश तट से म्यांमार के दक्षिणी तट तक फैला हुआ है, जिसमें दो ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण हैं। एक मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर और दूसरा दक्षिण तटीय म्यांमार के ऊपर औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक बना हुआ है। दूसरे चक्रवर्ती परिसंचरण के पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद है।

इन दो ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरणों के प्रभाव से, अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

# नारी पुरुष के बराबर नहीं, श्रेष्ठ है जननी जिसने हमको जन्म दिया : ऋतेश्वर महाराज

वाराणसी, 23 सितम्बर(हि.स.)। वृंदावन मथुरा स्थित आनंदम धाम ट्रस्ट के पीठाधीश्वर सद्गुरु डॉ. ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि नारी इस धर्म प्राण देश के सनातन की रीढ़ की हड्डी है। नारी वह धुरी है जिस पर

उन्होंने अपने आर्शीवचन में कहा कि नारी भारत में सदैव से सम्मानित है और सम्मानित रहेगी। हर समस्या का समाधान उसके पास है। नारी ने प्राचीन काल से लेकर आधुनिक इतिहास तक यह साबित किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बना सकती है।

नारी के संस्कार ही योग्य पुरुष का निर्माण करते है। कार्यक्रम में डॉक्टर आशुतोष मिश्रा, डॉक्टर पल्लवी मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया।



पूरा सनातन टिका है। अगर नारी चाहे ले तो भारत में जितनी भी समस्याएं आज व्याप्त हैं उसका समाधान मिनटों में निकल जाए। डॉ. ऋतेश्वर महाराज मधुमेह एवं हृदयाघात मुक्त भारत एवं नारी तू नारायणी सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय कामाख्या स्थित चाणक्य प्रेक्षागृह में पेनेशिया एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. ऋतेश्वर महाराज ने नारी के महिमा का गुणगान किया। कि उसकी सामर्थ्य किसी से कहीं कम नहीं है। नारी पुरुष के बराबर नहीं है। पुरुष से श्रेष्ठ है हमारी जननी है। जिसने हमको जन्म दिया है आज हम उनका सम्मान करके स्वयं सम्मानित हो रहे हैं।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की मंत्री मीना चौबे ने कहा कि नारी के ऊपर दोहरी जिम्मेदारी होती है। वह दो घर को संभालती है एक अपने मायके को और ससुराल को अगर नारी चाह ले तो वह साधारण बालक को भी छत्रपति शिवाजी बना सकती है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया गया। इनमें चंद्रकला मिश्रा, शशिकला पांडेय, ऋषिका मिश्रा, गरिमा पांडेय, करुणा सिंह, कंचन सिंह, शशिकला भारती, इंदु दुबे, चंद्रकला रावत, नमिता सिंह, प्रज्ञा पांडेय, रुचि पाठक, डॉक्टर संध्या ओझा, डॉ रीना सिंह, आरती टंडन, डॉ.सुनीता तिवारी, जमुना शुक्ला, अंशु पांडेय, नीलू राय, दीपिका दास, विद्या पटेल आदि रही। संचालन डॉ उत्तम ओझा और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नूपुर ओझा ने किया।

# ग्राम प्रधान ने कब्जाई सरकारी जमीन, एसएसपी से शिकायत

मेरठ, 23 सितम्बर (हि.स.)। मुंडाली थाना क्षेत्र के सिसौली गांव के लोगों ने ग्राम प्रधान पर सरकारी जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। शिकायत के बाद भी थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। एसएसपी ने जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

सिसौली गांव निवासी योगेश कुमार सोमवार को कई लोगों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के प्रधान प्रवीण तोमर ने 2021 में ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ा था। उसने अपने शपथ पत्र में जानकारी छिपाई है। चुनाव निर्देशन पत्र दाखिल करते समय प्रवीण तोमर ने शपथ पत्र प्रपत्र 5 प्रस्तुत किया था।

जिसमें क्रमांक संख्या 3 में 6 माह की अवधि से अभियोगों का उल्लेख किया जाना था, जिसमें उसके द्वारा कोई नही उल्लेखित किया गया। ग्राम प्रधान के खिलाफ फजीर्वाड़े का एक मुकदमा भी दर्ज है, उसे भी चुनावी शपथ पत्र में छिपाया गया। इस मुकदमे में सीबीआई ने प्रवीन तोमर को नोटिस भेजकर तलब किया था।

अपनी दस बीघा जमीन को भी ग्राम प्रधान ने शपथ पत्र में दर्ज नहीं किया। ग्राम प्रधान लगातार गांव की सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहा है। थाना पुलिस से शिकायत के बाद भी आरोपित के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने एसएसपी से इस मामले में कार्रवाई की मांग की। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# टूटी सड़कों और स्ट्रीट लाइट्स को लेकर व्यापारियों ने किया नगर आयुक्त का घेराव

मेरठ, 23 सितम्बर (हि.स.)। शहर की समस्याओं को लेकर सोमवार को संयुक्त व्यापार संघ के नेतृत्व में विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त का घेराव किया।

उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने और पॉलीथिन के नाम पर व्यापारियों का अनावश्यक उत्पीड़न किया जा रहा है। सड़कों के गहरे गड्ढों को भरने में नगर निगम के अधिकारी नाकाम द्वारा रेहड़ी पटरी वालों को वेंडर जोन में स्थापित किया जाए, जिससे रोजमर्रा की आमदनी करने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



खंदक बाजार अध्यक्ष व्यापारियों ने साफ कहा कि मेरठ के मुख्य बाजारों में पथ प्रकाश व्यवस्था धड़ाम होने से अधिकांश क्षेत्रों में अंधेरा छाया हुआ है। सड़कों के गहरे गड्ढे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। व्यापारियों ने इन समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता नटराज के नेतृत्व में सोमवार को कई व्यापार संघों के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त सौरभ गंगवार का घेराव किया। अजय गुप्ता नटराज ने व्यापारियों की समस्याओं को नगर आयुक्त के सामने रखा।

हैं। इन गड्ढों में गिरने से आए दिन लोग घायल हो रहे हैं। मुख्य बाजार में स्ट्रीट लाइट्स बंद रहने से व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। नगर निगम के अधिकारियों की कार्यप्रणाली जनहित में नहीं है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल ठाकुर ने कहा कि मेरठ आज विकसित उत्तर प्रदेश के विकसित शहरों में से एक है, इसलिए नगर निगम की बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि शहर को स्वच्छ रखा जाए। बजारों में रात के समय में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए।

जिससे व्यापारी के प्रतिष्ठानों पर एकत्रित कूड़ा रात्रि में ही उठ सके। मुख्यमंत्री के आदेश के अंकुर गोयल ने कहा कि कुछ दिनों बाद नवरात्रि के दौरान शहर भर में रामलीला व शोभायात्राओं का दौर प्रारंभ हो जाएगा।

इसलिए जिन मार्गो पर शोभायात्राएं निकाली जानी हैं, उन मार्गो का नगर निगम निरीक्षण कर गड्ढे भरवाए।

नगर आयुक्त सौरभ गंगवार ने जल्द ही सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान सरदार दलजीत सिंह, राजीव गुप्ता काले, ललित गुप्ता, धनंजय शर्मा, गजेंद्र शर्मा, रजनीश कौशल, अशोक रस्तोगी, अनुज वशिष्ठ, आलोक रस्तोगी, पवन गर्ग, सुधांशु महाराज आदि उपस्थित रहे।

# 66 बीघा शत्रु सम्पत्ति को नीलाम करने की तैयारी

बागपत, 23 सितंबर (हि.स.)। बागपत जिले में पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के पूर्वजों की 13 बीघा जमीन की नीलामी हो चुकी है। इसी गांव की 66 बीघा शत्रु सम्पत्ति और नीलाम होने जा रही है। इस जमीन पर गांव के एक व्यक्ति का कब्जा है। जिसने जमीन पर लाखों का लोन भी निकलवा लिया है। एसडीएम बडौत द्वारा मामले की जांच करायी जा रही है।

बडौत तहसील का कोताना गांव एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां 66 बीघा जमीन को शत्रु सम्पत्ति घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की 13 बीघा जमीन नीलाम होने के बाद यह बड़ा कदम बागपत प्रशासन द्वारा उठाया गया है। यह जमीन कोताना गांव के बांगर में स्थित है। राजस्व अभिलेखों से छेड़छाड़ कराकर इस जमीन को फर्जी तरीके से गांव के एक व्यक्ति ने अपने परिवार के लोगों ने नाम दर्ज करा लिया। इतना ही नहीं,राजस्व रिकॉर्ड की खसरा खतौनी के आधार पर लाखों रुपये का लोन भी ले रखा है। राजस्व रिकार्ड में जांच के बाद एसडीएम बडौत ने इस जमीन को शत्रु संपत्ति घोषित कर लिया है। यह जमीन अब केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कर दी गयी है। जमीन का संरक्षक डीएम बागपत को बनाया गया है।

# अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर डकैती कांड में हुए दूसरे एनकाउंटर पर साधा निशाना

लखनऊ, 23 सितम्बर (हि.स.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर डकैती कांड में सोमवार को हुए एनकाउंटर को लेकर एक बार फिर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है।

अखिलेश ने अपनी पोस्ट में कहा कि हिंसा और रक्त से उप्र की छवि को घूमिल करना उप्र के भविष्य के विरूद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है। आजके सत्ताधारी जानते हैं कि वो भविष्य में फिर कभी वापस नहीं चुने जाएँगे। इसीलिए वो जाते-जाते उप्र में ऐसे हालत पैदा कर देना चाहते हैं कि उप्र में कोई प्रवेश-निवेश ही न करे। उप्र की जागरूक जनता ने जिस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिनका खुद का कोई भविष्य नहीं होता, वही भविष्य बिगाड़ते हैं।

# सीनियर वूमेंस स्टेट फुटबाल टीम के लिए 25 सम्भावित महिला खिलाड़ी चयनित

## -चयनित खिलाड़ी 15 दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प के उपरांत नोएडा रवाना होंगी

मुरादाबाद, 23 सितम्बर (हि.स.)। मुरादाबाद के रामगंगा विहार स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्र्स स्टेडियम सोनकपुर चल रहे तीन दिवसीय सीनियर वूमेंस स्टेट फुटबाल टीम हेतु चयन ट्रायल सोमवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें 25 उत्कृष्ट सम्भावित खिलाड़ियों व 10 स्टेंडबाय खिलाड़ियों का चयन हुआ।


सभी चयनित खिलाड़ी 15 दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प के उपरांत उप्र फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल विमेंस फुटबाल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने नोएडा रवाना होंगी।

जिला फुटबाल संघ के सचिव नासिर कमाल ने बताया कि तीन दिवसीय सीनियर वूमेंस स्टेट फुटबाल टीम हेतु फाइनल चयन ट्रायल में प्रदेश के सभी 18 मंडलों से आये प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने खेल प्रदर्शन से चयनकताओं पर अपना प्रभाव छोड़ा। उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के महासचिव मुहम्मद शाहिद की अध्यक्षता में पांच जिलों से चयनकर्ता शामिल हुए।

जिसमें कानपुर से अजीत सिंह, मिजार्पुर से मुहम्मद आरिफ नजमी, आगरा से बिल्लू चौहान, वाराणसी से भैरो दत्त शामिल रहे। संचालन जिला फुटबाल एसोसिएशन के महिला विंग की सचिव माधुरी देवी व नरेश चंद यादव ने किया।

यह खिलाड़ी हुई चयनित :

जिला फुटबाल संघ के सचिव नासिर कमाल ने बताया कि सीनियर वूमेंस स्टेट फुटबाल टीम हेतु ज्योति कुमारी, वर्षा रानी, अनाये बाई, नैनसी, पायल, सुनीता, आंचल, पुष्पा यादव, सोनाक्षी सिंह, शुरूती यादव, कविता, अंजलि, निशिता, वानी कलूचा, निगम, फरीदा अंसारी, लकी दीप, पूजा कुमारी, पिंकी कुमारी, संध्या राय, मुस्कान खान, अमिता शर्मा, प्रीति कुमारी, पार्वती यादव, चांदनी पटेल वृधी माकीघा, कीर्ति सिंह, तमन्ना, तनिष्क, पूर्ती सिंह, शालू वर्मा, शुष्मिता विश्वकर्मा, अंकिता पोद्दार, आकांक्षा सिंह, विनीता, पिंकी सिंह, सुष्मिता सिंह चयनित हुई हैं।



# रूदौली में प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का समापन

अयोध्या, 23 सितंबर (हि.स.)। हिन्दु इंटर कालेज रूदौली में आयोजित दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। समापन समारोह में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वजीत सिंह उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पहुंचने पर उनका आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में कबड्डी की 38, रस्साकसी 25 तथा वालीबॉल 18 टीमों ने भाग लिया।

जिसमें कबड्डी विजेता मोती का पुरवा , उपविजेता गौरियामऊ, रस्साकसी विजेता मुतौली, उपविजेता बैहारी, वालीबॉल गौरियामउ विजेता तथा अमराइगांव उपविजेता बनी। लोक सभा क्षेत्र के सभी ब्लाकों में प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विजेता तथा उपविजेता टीमों के मध्य लोकसभा स्तर पर फाइनल मैच खेला जाएगा।

सर्वजीत सिंह ने कहा कि खेल से हमारे व्यक्तित्व में निखार आता है। टीम भावना के साथ कार्य कर लक्ष्य प्राप्ति का भाव मन में पैदा होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व कि सरकारों में खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं काफी कम थी। मोदी तथा योगी सरकार ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं।

# तीर्थक्षेत्रपुरम में छह दिनी ज्ञानेश्वरी पारायण सुबह से

अयोध्या, 23 सितंबर (हि.स.)। महाराष्ट्र के वारकरी समुदाय से जुड़े तीन हजार लोग 24 सितम्बर की सुबह से छह दिन तक ज्ञानेश्वरी का पारायण करेंगे।

अयोध्या ढांचा ध्वंस के समय सर्व देव अनुष्ठान में इस समुदाय के दस हजार लोग अयोध्या आए थे। तब ये अशोक सिंघली के संपर्क में थे ,जाते वक्त सभी ने सरयू जल से संकल्प लिया था कि मन्दिर बनने के बाद अयोध्या में ज्ञानेश्वरी का अविकल पारायण करेंगे।

अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा विकसित किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम (पुराना बाग बिजेसी) में मंगलवार की सुबह पांच बजे से कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। इसके लिए 80 बसों से तीन हजार लोग पहुंचे हैं। उस समय संकल्प लेने वाले कुछ लोग भी इसमें शामिल हैं।

सुबह पांच बजे एक हजार लोग कांकड़ आरती में सम्मिलित होंगे। आयोजक टोली के सुरेश परसावार ने बताया कि सात से साढ़े आठ बजे तक तीन हजार लोग ज्ञानेश्वरी का पारायण करेंगे। फिर साढ़े नौ से साढ़े बारह तक पारायण और तीन से साढ़े चार तक व्याख्यान होगा शाम को पांच से साढ़े छह तक हरिनाम कीर्तन तथा सात बजे से नौ बजे तक कीर्तन होगा। वारकरी समुदाय कीर्तन के लिए ही जाना जाता है।

आयोजकों में से एक श्रीरंग जोशी के अनुसार ज्ञानेश्वरी में अठारह अध्याय और 95 हजार ओवी हैं। एक ओवी में दो पंक्ति होती है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र संवाद केन्द्र द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि ज्ञानेश्वरी पारायण के लिए बहुत ही आकर्षक ढंग से आयोजन स्थल को सजाया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने तीर्थ क्षेत्रपुरम पहुंचकर तैयारियों का अवलोकन किया।

# पत्रकारों को अपशब्द बोलने वाले थाना प्रभारी लाइन हाजिर

बिजनौर, 23 सितम्बर (हि.स.)। जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष झा ने स्योहारा थाना प्रभारी धीरज सिंह को पत्रकारों को अपशब्द कहने पर सोमवार को लाइन हाजिर कर दिया है।

इंस्पेक्टर धीरज सिंह ने चार सितम्बर को ही स्योहारा में अपना कार्यभार संभाला था। बीते दिनों स्योहारा क्षेत्र में चोरों ने चोरी का माल सुनार को बेचने और मामले को रफादफा करने के मामले में थानेदार एक दम शांत हो गये थे।

मीडिया में जब इसकी खबर फैली तो कुछ पत्रकारों ने थाना प्रभारी से जब लूट की घटना के बारे में जानकारी हासिल करना चाहा तो उन्होंने पत्रकारों से अभद्रता कर दी। अशोभनीय टिप्पणी की। इसका ऑडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो गया।

मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया।

उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। बौखलाए थाना प्रभारी ने पत्रकारों को गाली देने के साथ ही नोटिस देने की बात भी की थी।

# परिवहन निगम ने 7 रूटों पर निजी बसों के अनुबंध कराने की तैयारी पूरी की

## -मुरादाबाद परिक्षेत्र में 700 से अधिक बसें, एक सप्ताह में जारी होगा टेंडर

मुरादाबाद, 23 सितम्बर (हि.स.)। मुरादाबाद के परिक्षेत्र के सात रूटों पर निजी बसों के अनुबंध कराने की तैयारी परिवहन निगम ने पूरी कर ली है। इसके लिए अनुबंधित बस मालिकों को ऑनलाइन फार्म भरना होगा।

प्रतिस्थापन योजना के तहत मुरादाबाद से बिजनौर, संभल, अमरोहा समेत कई रूटों पर 45 अनुबंधित बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए एक सप्ताह में टेंडर जारी किया जाएगा।

परिवहन निगम के अनुसार बोली के आधार पर बसों का अनुबंध किया जाएगा। मुरादाबाद परिक्षेत्र में 700 से अधिक बसें हैं। इनका संचालन परिक्षेत्र के विभिन्न डिपो से दिल्ली, लखनऊ, उत्तराखंड समेत पास के रूटों पर किया जाता है। इसके टेंडर के लिए एक सप्ताह में ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। टेंडर के बाद बोली लगाई जाएगी, जो बस मालिक रोडवेज को अधिक इनकम देगा, उसकी बस का अनुबंध किया जाएगा।

परिवहन निगम मुरादाबाद परिक्षेत्र के एआरएम (वित्त) बसंत लाल मिश्रा ने सोमवार को बताया कि एक सप्ताह के भीतर ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पुरानी बसों का 15 दिन के भीतर और नई बसों का तीन महीने के भीतर अनुबंध कर दिया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि अनुबंधित बसें मुरादाबाद-संभल, मुरादाबाद-चंदौसी - बदायूं, मुरादाबाद-अमरोहा, धामपुर-मुरादाबाद-मिलक, मुरादाबाद-धामपुर-बिजनौर, मुरादाबाद-धामपुर- नजीबाबाद, नगीना-बिजनौर-चांदपुर इन रूटों पर चलेंगी।

# शामली में प्रेमी के शादी से मुकरने पर महिला ने कलक्ट्रेट में खाया जहर

मेरठ, 23 सितम्बर (हि.स.)। शामली जनपद में सोमवार को प्रेमी के शादी करने से मुकरने पर गुस्साई महिला ने कलक्ट्रेट में आकर जहर खा लिया। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उत्तराखंड के यमुनानगर के एक मोहल्ले की रहने वाली 35 वर्षीय महिला ने सोमवार दोपहर को शामली कलक्ट्रेट में जहर खा लिया। इसके बाद महिला बेहोश होकर गिर गई। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल महिला को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया।

महिला ने बताया कि उसके पति की पांच साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। फेसबुक के माध्यम से वह झिंझाना निवासी समीर के संपर्क में आ गई।

समीर ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और दिल्ली ले जाकर उसे शादी करने की बात कहकर शारीरिक संबंध बनाए। शादी के लिए कहने पर वह बात को टाल देता था।

दो साल पहले महिला ने समीर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद आरोपित ने शादी करने का आश्वासन दिया तो दोनों में समझौता हो गया।

महिला का आरोप है कि इसके बाद भी उसने शादी नहीं की और लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

अब उसने शादी करने से इनकार कर दिया है और उसके साथ मारपीट करके जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद भी आरोपित के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

इससे क्षुब्ध होकर महिला ने कलक्ट्रेट में आकर जहर खा लिया। अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह के अनुसार, महिला के जहर खाने का मामला सामने आया हैं। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री जसवंत सैनी ने की समीक्षा बैठक

बागपत, 23 सितंबर (हि.स.)। राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश जसवंत सिंह सैनी सोमवार को बागपत भ्रमण पर पहुंचे । इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की है। जिसमें उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये,कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करें पात्र व्यक्तियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिले आम आदमी पीड़ित व्यक्ति के साथ अधिकारी अच्छा व्यवहार करें उन्हें सरकार की योजना के प्रति अच्छे से जोड़े और जो पात्र हैं उन्हें लाभान्वित करें सरकार पीड़ित के लिए गंभीर है।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचना है और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाना है उन्होंने यह भी निर्देश दिए की लेखपाल स्तर की समस्या का समाधान तहसील स्तर तक हो जाना चाहिए। जनता को जिला मुख्यालय पर आना ना पड़े जिस स्तर की जो शिकायत है उसका उसी स्तर पर निराकरण हो। निर्देश दिए कि अधिकारी 10 से 12 जनता दर्शन करें और शिकायतों का समाधान करें ।

प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड के संदर्भो की समीक्षा की उन्होंने कहा जिन विभागों की रैंकिंग खराब है इसमें सुधार किया जाए गंभीरता के साथ तत्परता दिखाएं और कार्य को गुणवत्ता के साथ करें जनपद हमेशा अच्छी रैंकिंग में आना चाहिए जनपद की रैंकिंग वर्तमान में 17वीं है जिन विभागों की रैंकिंग से रैंकिंग नीचे गिरी है उन्हें सुधार करने की आवश्यकता है। इस मौके पर विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# साप्ताहिक दिव्यांग शिविर में उमड़ी दिव्यांगजनों की भीड़

मुरादाबाद, 23 सितम्बर (हि.स.)। जिला अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को लगने वाले दिव्यांग शिविर में आज बेहिसाब दिव्यांगों की भीड़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में उमड़ पड़ी। इस दौरान ऑनलाइन आवेदन के आधार पर रेफरेंस पर्ची लेकर शिविर में आने की बात पर कई बार दिव्यांगजनों और चिकित्साकर्मियों के बीच नोंकझोंक भी हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि दिव्यांग कैंप में भीड़ अधिक हो गई थी। इसलिए थोड़ी अव्यवस्था फैल गई। अगले सोमवार से किसी भी दिव्यांगजन को कोई दिक्कत नहीं होगी।



दिव्यांगों ने बताया कि अभी तक जिला अस्पताल में 1 रुपये का पर्चा बनवा कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऑफिस के दिव्यांगजन सहायता कक्ष में आते थे। उसी पर्चे पर कैंप में आकर अपनी दिव्यंगता का मूल्यांकन करा लेते थे। इस बार से व्यवस्था बदल दी गई है। जिला अस्पताल से पर्चा नहीं बनाया जा रहा है। उनके पूर्व से ऑनलाइन आवेदन के आधार पर उन्हें सीएमओ ऑफिस में रेफरेंस पर्ची लाकर ही शिविर में आने को कहा गया। इस बात को लेकर दिव्यांगजनों और चिकित्साकर्मियों के बीच नोंकझोंक भी हुई।

आज कई दिव्यांग अपनी दिव्यांगता का प्रतिशत बढ़वाने के लिए लंबी लाइन में घंटों लगे रहे। काफी संख्या में ऐसे दिव्यांग भी भीड़ में शामिल हैं, जो अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाना चाह रहे हैं। दिव्यांगों ने बताया कि वह बहुत मुसीबत झेलकर सफर कर यहां तक पहुंचे हैं। कोई दिव्यांग ई रिक्शा बुक कर आया है तो कोई अपनी ट्राई साइकिल से सीएमओ ऑफिस पहुंचा है।

# जेएनसीयू के दीक्षान्त समारोह की तैयारी पूरी, भूमि पूजन के बाद हुआ रिहर्सल

बलिया, 23 सितंबर (हि.स.)।

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षान्त समारोह मंगलवार को गंगा बहुद्देशीय सभागार में होगा। विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सोमवार को कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने दीक्षान्त मंडप का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में कोई त्रुटि न हो, इसके लिए इस समारोह का रिहर्सल भी किया गया। विद्या परिषद और कार्य परिषद के सदस्यों की शोभा यात्रा से कार्यक्रम के आरंभ से लेकर विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने, स्वर्ण पदक वितरण, प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को शैक्षणिक किट वितरण आदि समस्त कार्यक्रमों का आज पूर्वाभ्यास किया गया। कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगी। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राम चेत चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी होंगी। इस अवसर पर कुलसचिव एसएल पाल व वित्त अधिकारी आनंद दुबे, अशोक सिंह, डॉ. आरएन पाण्डेय डॉ. अखिलेश राय, डॉ. सानंद सिंह आदि थे।

# श्रावस्ती की महिला से दुष्कर्म मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

कानपुर, 23 सितम्बर (हि.स.)। बजरिया थाना क्षेत्र में श्रावस्ती की महिला के साथ दो व्यक्तियों के द्वारा दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस सम्बंध में रविवार रात मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करके सोमवार को जेल भेज दिया।

पुलिस उपायुक्त मध्य दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को श्रावस्ती की रहने वाली एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया था। इस सम्बंध में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई करते हुए सोमवार को दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा : मंडलीय व जिला चिकित्सालय लगा हेल्थ कैंप

–एसएसपीजी चिकित्सालय परिसर में विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने शिविर का किया शुभारंभ

–डीडीयू चिकित्सालय में राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने 42 बेड के पीडियाट्रिक वार्ड का किया शुभारंभ

वाराणसी, 23 सितम्बर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा में सोमवार को मंडलीय व जिला चिकित्सालय समेत सभी ग्रामीण व शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य



केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर सभी चिकित्सा इकाइयों में आयोजित शिविर में टीबी मुक्त भारत निक्षय दिवस, नियमित टीकाकारण समेत विभिन्न स्टाल लगाए गए। साथ ही ह्यस्वच्छता ही सेवा अभियानह्ण मनाते हुए चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई रखने का संदेश दिया गया। टीबी मरीजों को पोषण पोटली भी प्रदान की गई।

उत्तरी विधानसभा के पाण्डेयपुर स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने सभी स्टालों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से मुलाकात कर उन्हें समस्त चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने 42 शैय्या युक्त डेडिकेटेड पीडियाट्रिक यूनिट का फीता काट कर शुभारंभ किया। इसी क्रम में शहर दक्षिणी विधानसभा के कबीरचौरा स्थित श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ शहर दक्षिणी विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी ने किया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना समेत समस्त स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेनिया शहरी पीएचसी पर प्रसव केंद्र को पुनः शुरू होने के लिए विभाग को सराहा। कोनिया और जैतपुरा शहरी पीएचसी में जननी सुरक्षा योजना वार्ड बनाने का आश्वासन दिया। राजघाट अर्बन पीएचसी के निर्माणधीन भवन का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए और इसका संचालन शुरू किया जाए। उन्होंने स्वयं लोगों के राशन कार्ड और आधार कार्ड से आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की जानकारी ली।

इसी कड़ी में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने सीएमओ डॉ संदीप चौधरी की उपस्थिती में भेलूपुर स्थित स्वामी विवेकानंद मेमोरियल राजकीय चिकित्सालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। सीएमओ डॉ संदीप चौधरी के अनुसार सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल शिविर में 8478 लोगों का पंजीकरण हुआ। 8289 लोगों को उपचार व परामर्श दिया। 166 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नगर के राजकीय चिकित्सालयों में कुल 4260 लोगों का पंजीकरण हुआ। 4220 लोगों को उपचार व परामर्श दिया। 65 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। ब्लॉक स्तरीय सीएचसी पीएचसी पर 4218 लोगों का पंजीकरण हुआ। 4069 लोगों को उपचार व परामर्श दिया। 101 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

इस मौके पर एसआईसी डॉ एसपी सिंह, सीएमएस डॉ दिग्विजय सिंह, अधीक्षक डॉ क्षितिज तिवारी, भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, उपाध्यक्ष मधुकर चित्रांश समेत अन्य चिकित्सा अधिकारी, अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। उधर,ब्लॉक स्तर पर सीएचसी मिसिरपुर काशी विद्यापीठ पर एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा व अपना दल के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र पटेल, पीएचसी बडागांव व पिंडरा पर विधायक डॉ अवधेश सिंह, सीएचसी नरपतपुर (चिरईगांव) पर शिवपुर विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, सीएचसी चोलापुर पर अजगरा विधायक प्रतिनिधि गौरव सिंह, सीएचसी अराजीलाइन पर सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि एवं पीएचसी हरहुआ पर पूर्व सांसद महेंद्र नाथ पाण्डेय व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया।

# ट्रक चालक से तमंचे के बल पर चार लाख की लूट

रायबरेली, 23 सितम्बर (हि.स.)। गदागंज थाना क्षेत्र में सोमवार को मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर ट्रक चालक से चार लाख रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसओजी टीम ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए इलाके में नाकाबंदी की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

प्रतापगढ़ के थाना बाघराज निवासी धर्मराज त्रिपाठी प्रतापगढ़ से ट्रक लेकर डलमऊ फ्लोर मिल जा रहे थे। गदागंज थाना से लगभग दो किलोमीटर आगे झसवा मोड़ के पास के पास पीछे से आए मोटर साइकिल सवार दो युवकों ने ट्रक के आगे बाइक लगा दी। विरोध करने पर ड्राइवर से गाली गलौज करने लगे।

जैसे ही ट्रक चालक नीचे उतरा उसे धक्का देकर चोटिल करके गिरा दिया और ट्रक लेकर निकल गए। गोविंदपुर माधव स्थित पेट्रोल पंप से लगभग सौ मीटर की दूरी पर सड़क किनारे ट्रक खड़ा करके उसमें रखी चार लाख रुपये की नकदी लूट ले गये।

पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। एसओजी टीम एवं क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार मौके पर पहुंचे। क्षेत्र में नाकेबंदी की गई, लेकिन लुटेरों का कहीं कुछ पता नहीं चल सका है। दिन दहाड़े हुई ट्रक चालक से लूट की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

क्षेत्राधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को घायल कर लूट की घटना को अंजाम दिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# एमपी-एमएल अदालत में पेशी के बाद सपा विधायक भेजे गए नैनी जेल

## सांसद -विधायक अदालत में गिरफ्तारी के बाद पहली बार पेश हुए विधायक

पत्नी सीमा बेग हैं भूमिगत और बेटा जईम बेग है वाराणसी जेल में

भदोही, 23 सितंबर (हि.स) भदोही से समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग को सोमवार को नाबालिग घरेलू सहायिका के आत्महत्या मामले में एमपी -एमएलए अदालत में पेश किया गया जहाँ से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में पुन : नैनी जेल भेज दिया गया है। सपा विधायक जाहिद बेग ने गत दिनों अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। उसके बाद सोमवार को बेग को अदालत पेश किया गया । सपा विधायक के वकील मजहर शकील ने बताया कि अदालत ने 14 दिन की रिमांड पर जाहिद बेग को जेल भेज दिया है। इस बात की भी मांग की गई है कि जाहिद बेग का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है, ऐसे में उन्हें ज्ञानपुर जेल में ही रखा जाए। हालांकि पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने की वजह से उस पर कोई निर्णय अभी नहीं हो पाया है।

नाबालिग घरेलू सहायिका के आत्महत्या मामले में सपा विधायक जाहिद बेग और उनका परिवार पूरी तरह उलझ गया है। अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद भी विधायक की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। विधायक को नैनी सेंट्रल जेल और उनके बेटे जईम बेग को वाराणसी जिला कारागार में रखा गया है,जबकि पत्नी सीमा बेग गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत हैं।

उल्लेखनीय हो कि सपा विधायक जाहिद बेग के भदोही शहर स्थित निजी आवास पर घरेलू कार्य करने वाली एक नाबालिग किशोरी का शव 09 सितंबर की सुबह पंखे से लटकता मिला था।

आत्महत्या करने वाली युवती नाजिया (17) पुत्री इमरान निवासी कांशीराम आवास कॉलोनी मामदेवपुर की रहने वाली थी। वह विधायक के यहाँ काफी समय से घरेलू काम करती थी,जबकि जिला प्रशासन ने एक और नाबालिग सहायिका को मुक्त कराकर राजकीय बाल संरक्षण गृह प्रयागराज भेज दिया है।

# सांसद के आश्वासन के बाद धरने पर बैठी महिलाओं में फैली मायूसी

सोमवार सुबह से धरना स्थल पर बैठे विस्फोट पीड़ितों को जब यह जानकारी हुई कि सांसद अक्षय यादव आ रहे हैं। उनके आगमन की बात सुन कर सभी महिलाओं और ग्रामीणों में उम्मीद की अलख जगी थी कि सांसद कुछ देकर जाएंगे। लेकिन सांसद ने धरने पर बैठी महिलाओं से वार्ता की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और चले गये। इससे धरने पर बैठी महिलाओं की उम्मीदें धूमिल हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि सांसद और विधायक उनकी कुछ आर्थिक मदद करके जाएंगे, लेकिन उन्होंने सिर्फ कोरे आश्वासन ही दिए।

# एक से 31 अक्टूबर तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

मेरठ, 23 सितम्बर (हि.स.)। एक से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान (दस्तक) चलाया जाएगा। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अभियान को



लेकर बैठक ली।

विकास भवन सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में संचारी रोग अभियान/दस्तक अभियान के संबंध में बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत लोगों को संचारी रोग से बचाव, स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि जनपद व ब्लॉक स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों के संदर्भ में माइक्रोप्लॉन बनाकर प्रस्तुत करें। यह अभियान एक से 31 अक्टूबर तक चलेगा। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो तथा फॉगिंग कराई जाए। रोगों से बचाव का बेहतर उपाय रोगों के प्रति सावधान रहना व बचाव के उपाय करना है। अभियान के अंतर्गत लोगों को रोगों के लक्षणों के प्रति सतर्क करते हुए बचाव के उपाय बताये जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने बताया कि आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर सर्वे अभियान में कार्य किया जाएगा। संचारी रोग में छोटी माता, चेचक, हैजा, डेंगू मलेरिया, ज्वर, सूजाक, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी आदि आते है। संक्रामक रोगों से बचाव के विभिन्न उपायो में अपने आसपास नालियों में जलभराव न होने दें, खाने से पहले अपने हाथ धोए, जंगली झाडियों को नियमित साफ करें, गड्ढों में पानी इकट्ठा न होने दें। पानी की टंकी को पूरी तरह ढक कर रखे।

मच्छरदानी का प्रयोग करें। मच्छररोधी उपाय अपनाये, घर व कार्यस्थल के आस-पास पानी जमा न होने दें, पूरी बांह वाली कमीज व पेन्ट पहने, दरवाजे व खिडकियों पर जाली लगवाना आदि उपाय है।

# आईआईएमटी मेरठ और लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय नेपाल के बीच एमओयू

मेरठ, 23 सितम्बर (हि.स.)। आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ और लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय नेपाल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए



हैं। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के बीच ज्ञान और संसाधनों को साझा करने और उत्कृष्टता, अनुसंधान, संसाधन आदि क्षेत्रों में सशक्त शैक्षणिक सहयोग स्थापित होंगे।

आईआईएमटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता और लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, नेपाल के कुलपति प्रो. सुवर्ण लाल बजराचार्य ने इस एमओयू पर साइन किए। एमओयू के अन्तर्गत आईआईएमटी विश्वविद्यालय और लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय नेपाल आपसी सहयोग के तहत छात्र विनिमय कार्यक्रम चलाएंगे। जिसके अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में छात्रों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। संकाय विनिमय के तहत दोनों विश्वविद्यालय कानून, ध्यान, बौद्ध धर्म और बीएएलएलबी जैसे क्षेत्रों में संकाय सदस्यों का आदान-प्रदान करेंगे। संकाय विनिमय, संकाय विकास को बढ़ाने और शैक्षणिक कार्यक्रमों को समृद्ध करने में योगदान देगा।

सहयोगी अनुसंधान के अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं पर सहयोग करेंगे। विशेष रूप से बौद्ध धर्म, ध्यान, कानून और अन्य पारस्परिक विषयों के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इसमें ज्ञान को आगे बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त सम्मेलन, सेमिनार और कार्यशालाएं शामिल होंगी।

ध्यान और बौद्ध अध्ययन के अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय ध्यान और बौद्ध अध्ययन से संबंधित कार्यक्रमों की पेशकश करने में सहयोग करेंगे। इन कार्यक्रमों को मानसिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बौद्ध दर्शन और प्रथाओं की समझ को गहरा करने के लिए तैयार किया जाएगा। बीएएलएलबी कार्यक्रम के अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय बीएएलएलबी कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम में बौद्ध दर्शन और प्रथाओं को एकीकृत करने की दिशा में काम करेंगे। इससे कानून और न्याय शिक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा।

आईआईएमटी के कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों विश्वविद्यालय के बीच ज्ञान और संसाधनों को साझा करने और उत्कृष्टता, अनुसंधान, संसाधन आदि क्षेत्रों में सशक्त शैक्षणिक सहयोग स्थापित करने के लिए किया गया है। इस एमओयू से न सिर्फ दोनों विश्वविद्यालय के छात्रों को करियर निर्माण के नये अवसर प्राप्त होंगे बल्कि संकाय सदस्यों को भी इसका लाभ मिलेगा। दोनों संस्थान अनुसंधान एवं सुविधाओं के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे जिससे विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को अनुसंधान, नवाचार और रचनात्मकता की दिशा में लाभ प्राप्त होगा।

लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुवर्ण लाल बजराचार्य ने कहा कि आईआईएमटी विश्वविद्यालय और लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू मील का पत्थर साबित होगा और दोनों विश्वविद्यालय को इसका लाभ प्राप्त होगा। दोनों विश्वविद्यालय के आपसी सहयोग से अनुसंधान और सुविधाओं के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित होंगे।

# प्रसादम में चर्बी की मिलावट सनातन से जुड़े करोड़ों की आस्था के साथ आघात-प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने वाईएसआर व तेलगूदेशम तथा भाजपा को मिलावट के लिए ठहराया जिम्मेदार, देश से क्षमायाचना करें पीएम

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। राज्यसभा में



विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि तिरूपति मंदिर के प्रसादम लडडू में मवेशी की चर्बी मिलने को देश के करोड़ों सनातन धर्म से जुडे भक्तों की आस्था पर गहरा आघात करार दिया है। उन्होनें कहा कि इस चर्बी की मिलावट के लिए वाईएसआर की जगन रेडडी सरकार के साथ मौजूदा तेलगूदेशम की सरकार के साथ भाजपा की केन्द्र सरकार भी बराबर की दोषी है। उन्होनें कहा कि मिलावट में मानक के अनुसार सेक्शन-अस्सी जिसके तहत माल की शुद्धता की गारण्टी निहित हुआ करती है का अनुपालन क्यों नहीं हुआ। वहीं उन्होने यह भी सवाल उठाया कि सेक्शन-इक्यासी में उपयोग मे लाये गये मॉल के भी शुद्ध होने के प्रमाण पत्र की अनदेखी आखिर कैसे हुई। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि जगन रेडडी की वाईएसआर ने पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल में लोक सभा तथा राज्यसभा में भाजपा की केन्द्र सरकार को समर्थन दे रखा था। वही उन्होनें कहा कि तेलगूदेशम भी एनडीए का हिस्सा है और महीनों से सत्ता की बागडोर संभालने वाली आन्ध्र प्रदेश में तेलगूदेशम की सरकार इस मिलावट को लेकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन क्यों नही कर सकी।

लालगंज में सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह एनीमल चर्बी मिलावट मंदिर के साथ बाजार में भी खाद्यान्न पदार्थो में उपलब्ध होने का तथ्य सामने आ रहा है। उन्होनें कहा कि ऐसे में आम लोगों के साथ हर धर्म से जुड़े लोगों की भावना के साथ इस प्रकार के अक्षम्य आघात पहुंचाने के लिए वाईएसआर तथा तेलगूदेशम के साथ भाजपा और पीएम मोदी को समूचे देश से अविलम्ब क्षमायाचना करना चाहिए। वहीं उन्होनें केन्द्र की मोदी सरकार सत्तालिप्सा में देश के वाहय तथा आंतरिक मुददो पर कतई गंभीर नही है।

उन्होनें कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था के लगातार पटरी से उतरने को लेकर भी फिक्रमंद नही है। वहीं उन्होनें कहा कि सरकार चीन के द्वारा देश के सामने खड़ी की गयी चुनौती को लेकर भी विदेश नीति तथा कूटनीति का सही इस्तेमाल करने की राजनैतिक इच्छाशक्ति भी मजबूती से प्रदर्शित नही कर पा रही है। उन्होनें कहा कि भाजपा संवैधानिक एजेन्सियों का दुरूपयोग कर रही है। वहीं उन्होनें यह भी कहा कि कांग्रेस संविधान की मूल प्रस्तावना से भाजपा के छेडछाड को लेकर संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से संघर्ष में तेवर के साथ दिखेगी।

उन्होनें कहा कि इण्डिया गठबंधन देश में संघीय ढांचे पर मोदी सरकार के वन नेशन वन इलेक्शन के जरिए चोट पहुंचाने के भी प्रयास को सफल नही होने देंगे। उन्होनें कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने यह सियासी ड्रामा जनता का ध्यान मुददो से भटकाने के लिए मात्र तैयार किया है। उन्होने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय बाजार में इस समय कच्चे तेल के दामों में रोज भारी गिरावट हो रही है। इसके बावजूद सरकार देश में पेट्रोलियम पदार्थो की कीमत को कम करने के लिए राजी नही है। इसके पहले राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन किया। यहां उन्होनें क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृत करायी गयी पर्यटन से जुड़ी विकास परियोजनाओं के संचालन की प्रगति को भी देखा।

राजातारा गांव में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने संस्कृत विद्वान पं. हरिहरपाल त्रिपाठी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की भी उन्होनें सुनवाई की। क्षेत्र के सेमरा, अठेहा, दलापटटी, सांगीपुर, पूरे नरायनदास, अमावां, रानीगंज कैथौला में सांसद प्रमोद तिवारी ने लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास में तेजी बनाए रखने का स्वयं तथा विधायक मोना की ओर से भरोसा दिलाया।

ग्रामीण अंचलों मे कार्यकताओं तथा क्षेत्रीय लोगों द्वारा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का जोरदार स्वागत भी हुआ दिखा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, डॉ. अमिताभ शुक्ला, आनन्द पाण्डेय, दारा सिंह, शेरू खां, इं. सुनील पाण्डेय, आचार्य विन्देश्वरी पटेल, अनिल त्रिपाठी महेश, संतोष पाण्डेय, धीरेन्द्र पाण्डेय, संजय सिंह, धर्मपाल सरोज, रामू मिश्र, अभिनव शुक्ला, इं. अतुल शुक्ला, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा, मुरलीधर तिवारी, बृजेश द्विवेदी आदि रहे।

# सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, शासकीय योजनाओं की खंगाली हकीकत

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने सोमवार को स्थानीय लालगंज ब्लाक का औचक निरीक्षण किया। वही सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक में विकास योजनाओं के संचालन की समीक्षा भी की। सीडीओ दोपहर बाद अचानक ब्लाक मुख्यालय पहुंची।

उन्होनें ब्लाक परिसर में साफ सफाई तथा मॉडल तालाब का अवलोकन किया।

ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने सीडीओ का प्रधानों व बीडीसी सदस्यों के साथ बुकें प्रदान कर स्वागत किया।

सभागार में सीडीओ ने ग्रामीण विकास से जुडे कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होनें अधिकारियों व कर्मचारियों को गांवों में संचालित विकास कार्यक्रमों मे तेजी के साथ गुणवत्ता बरतने को कहा।

वहीं उन्होनें कहा कि गांव के औचक निरीक्षण में योजनाओं के समयबद्ध संचालन न दिखने पर जिम्मेदार के खिलाफ कडी कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

ब्लाक प्रमुख के साथ क्षेत्रीय प्रधानों ने सीडीओ को विकास योजनाओं मे ग्रामवार प्रगति से अवगत कराया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, परियोजना निदेशक दयाराम यादव, डीपीआरओ श्रीकान्त दरवे, जिला कृषि अधिकारी आलोक कुमार, सीडीपीओ उदय तिवारी, प्रधान विद्युत कुमार मिश्र, दिनेश बहादुर सिंह, रमेश प्रताप सिंह, देवदत्त शुक्ला, आलोक गुप्ता, देवनाथ पाण्डेय, जेपी, ओमप्रकाश आदि रहे।

# रक्तदान उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किए गए अमित गुप्ता

फि रोजाबाद रक्तदान क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्यों को लिए आज फिर एक बार एस. ए. ब्लड डोनेशन क्लब के अध्यक्ष डॉ अमित गुप्ता रक्तवीर रामनगरी अयोध्या में हुऐ राष्ट्रीय सेवा रत्न से सम्मानित।।। सम्मानित किया गया। रक्तदान महोत्सव में मुख्य अतिथि नगालैंड व केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार व विशिष्ट अतिथि ओलिंपिक में पदक दिलाने वाले भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान व व प्रतीक चिन्ह शील्ड व प्रतीक चिन्ह राममंदिर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।। *डॉ अमित गुप्ता के साथ अयोध्या में रक्तदान महोत्सव के दौरान सतीश चन्द प्रजापति राजा भैया ने अयोध्या में रक्तदान किया*



21 , 22 सितम्बर को रामनगरी अयोध्या उत्तर प्रदेश में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का रक्तदान महोत्सव में देश भर के सभी रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थाओं के प्रतिनिधि एकत्र हुए।। विशेष योगदान व रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 201 संस्थाओं के प्रतिनिधियों को अर्जुन अवॉर्डी अशोक ध्यानचन्द्र , महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी , विधायक वेद प्रकाश गुप्ता , पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय द्वारा रक्त सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ अमित गुप्ता रक्तवीर अध्यक्ष एस. ए. ब्लड डोनेशन क्लब , आगरा जोनल कोऑर्डिनेटर निफा , पूर्व कोऑर्डिनेटर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी फिरो. को सम्मान पत्र

यह सम्मान उन सभी रक्तदाताओं और रक्तसेवादारोंको समर्पित है

जिन्होने रक्तदान हेतु ना दिन देखा ना रात, जब जरूरतमन्द का कॉल आया हमारे रक्तदाता रक्तदान को और सेवादार सेवा को तैयार रहें। समूह से जुड़े सभी रक्तदाताओ और रक्त सेवादारों ने मिलकर रक्तदान सेवा कार्य में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान किया।

# शब्दम् ने किया मेधावियों का सम्मान

शिकोहाबाद। साहित्य.संगीत.कला को समर्पित संस्था शब्दम् द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के हिन्दी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 205 अध्यक्ष किरण बजाज ने अपने ऑडियो संदेश में कहा कि हिंदी में आज बहुत सम्भावनाएँ पैदा हो गई हैं। इंटरनेट,आईपेड,मोबाइल,एआई एवं ट्रंसलेशन बहुत अधिक हो रहा है। पूरा विश्व आज है। हमारे देश की बिडम्बना है, कि अभी तक इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिला। हमें हिंदी को इतना सशक्त और लोकप्रिंय बनाना है कि यह शीघ्र ही राष्ट्रभाषा के पद पर आसीन हो सके। अन्य वक्ताओं में मंजर




विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर हिंदी प्रेम और एकता की भाषा विषय पर गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थी हिन्दी सम्मान के पीछे संस्था का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में हिन्दी को गौरव की भाषा बनाना है।

इस अवसर पर शब्दम् भारत की ओर देख रहा है। क्योंकि यहां का मार्केट बहुत सशक्त हो रहा है। इस कारण जनसाधारण में पहुंच बनाने के लिए हिन्दी समझ रखना बहुत आवश्यक हो गया है।

वरिष्ठ सलाहकर अरविन्द तिवारी ने हिन्दी के बारे में बताया कि संविधान में इसको राजभाषा का दर्जा दिया हुआ उलवासै.डॉ.महेश आलोक ने सभी बच्चों को हिन्दी सम्मान व हिन्दी में अच्छे अंक लाने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द तिवारी ने किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके हिन्दी शिक्षक एवं अभिवावक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेल



प्रतियोगिता के तहत स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल के द्वारा किया गया। आज का पहला मैच आनंद वन इंटर कॉलेज और स्टेडियम ट्रेनीज के बीच खेला गया जिसमें आनंदवन इंटर कॉलेज ने 112 रन का स्कोर 30 ओवरों में खड़ा किया जिसमें रोशन विश्वकर्मा ने 30, उत्कर्ष पाल ने 12 रन, ऋषि श्रीवास्तव ने 15 रन का योगदान दिया जवाब देने उतरी स्टेडियम ट्रेनीज की टीम ने मात्र 25 ओवरों में 80 रन बना सके और पूरी टीम ऑल आउट हो गयी। आनंदवन की ओर से रोशन विश्वकर्मा ने दो विकेट, उत्कर्ष पाल ने दो विकेट लिए। आज के मुख्य निर्णायक सज्जन लाल और मीत श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज, उप क्रीड़ा अधिकारी रनजीत यादव, जिला क्रिकेट आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी, क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला, एथलीट प्रशिक्षक सोमनाथ यादव, हैंडबॉल प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल तथा अन्य कोच उपस्थित रहे।

# फरुर्खाबाद में कालिंद्री एक्सप्रेस से काटकर एक युवक मौत

फरुर्खाबाद। जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में आज तड़के कालिंद्री एक्सप्रेस ट्रेन से काटकर एक अज्ञात युवक दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के शिकोहाबाद फरुर्खाबाद रेल खंड में भिवानी से प्रयागराज जा रही14118 कालिंद्री एक्सप्रेस ट्रेन आज सोमवार तड़के नीवकरोरी रेलवे स्टेशन से करीब 5,07 बजे तड़के फरुर्खाबाद के लिए रवाना हुई।

इसके बाद यह एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही रोहिला गांव रेलवे अंडरपास के समीप पहुंची वैसे ही एक अज्ञात युवक उम्र करीब 35 वर्षीय की कटकर दर्दनाक मौत हो गई । इसके साथ ही ट्रेन चालक में ट्रेन को रोक लिया तथा समीप वर्ती स्टेशन नीवकरोरी को घटना की सूचना दी। इस दौरान कालिंदी एक्सप्रेस करीब 7 मिनट तक घटनास्थल पर खड़ी रहने के बाद फरुर्खाबाद के लिए रवाना हुई।

रेल सूत्रों के अनुसार सहायक स्टेशन मास्टर नीवकरोरी ने, जीआरपी मैनपुरीतथा आर पी एफ को घटना की सूचना देने के साथ ही मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस को भी सूचित किया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मैनपुरी से जीआरपी एवं आरपीएफकेसाथहीमोहम्मदाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद मोहम्मदाबाद पुलिस ने, इस अज्ञात युवक के शब को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त की करवाई शुरू कराई । पुलिस ने बताया कि मृतक युवक के दाहिनी वाह पर दामिनी लिखा है। खबर लिखने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकती। पुलिसनेशबकापंचनामाभरकरपोस्टमार्टम के लिए जिलाअस्पताल फतेहगढ़ कोभिजवाया गया।

## महिला सुरक्षा अभियानह्व के तहत पुलिस अधीक्षक ने यूनिसेफ की टीम के साथ किया जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हाथरस। महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा,सशक्तिकरण,संवाद, परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाए जा रहे 23 सितम्वर से 30 सितम्बर तक 8 दिवसीय ह्लमहिला सुरक्षा अभियानह्व के तहत पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा थाना सासनी क्षेत्रान्तर्गत सीमैक्स इंटरनेशनल स्कूल सासनी जनपद में यूनिसेफ की टीम के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक थाना सासनी, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ श्रीमती सुनीता मिश्रा आदि पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण तथा यूनिसेफ टीम के पदाधिकारीगण तथा सीमैक्स इंटरनेशनल स्कूल की छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ आदि मौजूद रहें । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित छात्राओं, बालिकाओं एवं स्कूल स्टॉफ को ह्लमिशन शक्ति, एन्टी रोमियो, महिला बीट एवं ऑपरेशन जागृति अभियान के मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# बच्चे देश का भविष्य, सोच और संस्कार का होना चाहिए समन्वय

हाथरस। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। जिस प्रकार एक पौधे को सींच कर पेड़ का रूप दिया जाता है, उसी प्रकार बच्चों को भी सोच और संस्कार देश आने वाले समय को इन बच्चों के रूप सुरक्षा प्रदान करने का हमारा दायित्व है और इस दायित्व को निभाने में बाल संरक्षण इकाई अपना पूरा योगदान कर रही है।

यह उद्गार ब्लॉक वाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित योजनाओं की दी जानकारी देते हुए वक्ताओं ने बताई। जिलाधिकारी श्री राहुल पांडेय के निदेशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या की नेतृत्व में विकास खण्ड सासनी में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व बाल विवाह टास्कफोर्स की बैठक का आयोजन ब्लॉक प्रमुख डॉ. प्रतिभा कमल माहौर की अध्यक्षता में किया गया, संरक्षण अधिकारी विमल कुमार शर्मा व खंड विकास अधिकारी सुरेन्द्र सिंह द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने हेतु प्रेरित किया।वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर नीलम पौरुष ने वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर इंजीनियर दिनेश महौर , सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत) बिहारी लाल, मुख्य सेविका ममता शर्मा व कुककी रानी , प्रतिनिधि सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार , आउटरीच वर्कर कैलाश चन्द्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, पंचायत सहायक, आदि उपस्थित रहे ।

# मेला देखने आए नवयुवकों के गुटो में चले लात घुसे, राहगीर आए दहशत में

हाथरस। बीती देर रात मेला देखने आए नवयुवकों के दो गुटों में बीच चौराहे पर जमकर लात घुसा चले जिसके चलते लोग बीच रास्ते में रुक गए। किसी ने बीच बचाव करने का साहस नहीं जुटा पाए। वही चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी भी युवकों का बीच बचाव नही करा सके। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के जामा मस्जिद चौराहा पर बीती देर रात आयोजित पंजाबी दरबार देखने आए दो नवयुवकों के गुटो में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जो देखते देखते इतना बढ़ गया की दोनो गुटों के लोग आपस में लात घुसा चलाने लगे। जिससे राहगीर दहशत में आ गए। और वह अपने रास्ते पर साइट से दोनो गुटो की लड़ाई को देखते रहे। वही मौके पर डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मी भी उन युवकों का बीच बचाव नही करा सके । यह लात घुसो की लड़ाई बीच चौराहे पर लगभग दस मिनट तक चली फिर भी कोई डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मी दोनो गुटो की लड़ाई को शांत नही करा सका । बाद में दोनो गुटो के युवक एक दूसरे को देख लेने की धमकी देकर मौके से चले गए।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# सपा सांसद ने पीड़ित स्वजनों को बंधाया ढांढस

शिकोहाबाद। समाजवादी पार्टी से लोकसभा सांसद अक्षय यादव सोमवार दोपहर डेढ़ बजे अपने दलबल के साथ नौशहरा गांव पहुंचे। सबसे पहले वह घटना स्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया और पीड़ितों की वेदना को सुना। इसके बाद वह मृतक मीरादेवी और अमन के घर पहुंचे और मृतका के बड़े बेटे पवन और अन्य स्वजनों से वार्ता की। इसी दौरान ग्रामीण पूरन सिंह ने बताया कि राकेश व उसके बेटे के इलाज आगरा में चल रहा है। जिसमें प्रतिदिन 12 हजार रुपये का खर्च आ रहा है। जबकि प्रशासन निःशुल्क उपचार हो रहा है। इस मामले में उपस्थित इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। इस मामले में बात कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसके बाद सांसद सचिवालय पहुंचे और धरना पर बैठी महिलाओं से बात की। उन्होंने पीड़ित स्वजनों को हर संभव आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिया।

# राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला

शिकोहाबाद। बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर गीता यादवेन्दु की अध्यक्षता में राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती के उपल्क्षय में दिनकर



की जीवन द्दष्टि एवं काव्य सौंदर्य विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने दिनकर की विभिन्न रचनाओं का पाठ किया गया।

हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रोफेसर शशिप्रभा तोमर के निर्देशन एवं पल्लवी पाण्डेय (सहायक आचार्य हिन्दी) के संयोजन में राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती के उपलक्ष्य

में दिनकर की जीवन द्दष्टि एवं काव्य सौन्दर्य विषय पर एक संगोष्ठी एवं काव्य पाठ का आयोजन हिन्दी विभाग में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में छात्राओं द्वारा दिनकर की प्रसिद्ध कविताओं कलम आज उनकी जय बोल, कृष्ण की चेतावनी, कलम या तलवार, सच है विपत्ति हिमालय, चांद का कुर्ता आदि का पाठ किया।

काव्य पाठ प्रतियोगिता की निर्णायक असि. प्रो. दर्शना कुमारी

एवं प्रो. प्रीति सिंह रहीं। काव्य पाठ में हिना प्रथम, आराधना

द्वितीय एवं तान्या तृतीय स्थान पर रहीं। संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त

करते हुए असि. प्रो.प्रीति सिंह ने दिनकर की कविताओं में अभिव्यक्त

भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला।

# धरने के दौरान महिला भूख से व्याकुल हुई बेहोश

दो दिन से धरने पर बैठी मृतक गौतम की मां बीनेश देवी ने सोमवार को सुबह से कुछ भी ना खाया और ना पिया। इससे भूख और प्यास से ब्याकुल होकर महिला अचेत हो गई। जब



सांसद सचिवालय से महिलाओं से मिलकर चले गये, उसके बाद ग्रामीणों ने महिला को उठाया और उसके चेहरे पर पानी के छींटे डाले। इसके बाद महिला कुछ होश में आई, जिसके बाद उसे उसके घर पहुंचा दिया। धरने पर बैठी ज्यादातर महिलाओं ने सुबह से कुछ भी नहीं खाया-पिया। समाजसेवी विनोद कुशवाह प्रतिदिन ग्रामीणों के सहयोग से सचिवालय में रुकी महिलाओं के खाने की व्यवस्था करा रहे हैं। सोमवार को भी उन्होंने सबके लिए खाना बनवाया लेकिन महिलाओं ने खाना लेने से इंकार कर दिया। धरने पर बैठी महिलाओं का कहना है कि उनका सबकुछ समाप्त हो गया, अब वह जीके भी क्या करेंगीं।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने मुख्यालय पर दिया धरना

शिकोहाबाद। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों और यूनियन के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रर्दशन किया। जिसके बाद अपर जिलाधिकारी को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

यूनियन के जिलाध्यक्ष डॉ पुष्पेन्द्र यादव के नेतृत्व में ज़िला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसान और यूनियन कार्यकताओं ने जमकर नारे बाजी की। बाद में अपर ज़िलाधिकारी विषू राजा को ज्ञापन सौंप कर धरना समाप्त किया। ज्ञापन के माध्यम से किसानों की निम्न समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। जिनमें जनपद में अति वृष्टि की वजह से जिन किसानों की सभी फसलों का पूर्ण रूप से शत प्रतिशत नुकसान हुआ है, जिससे किसान की कमर टूट गई है। निष्पक्ष सर्वे कराकर एक लाख रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिलाया जाए। अति वृष्टि से जल भराव को शीघ्रता शीघ्र नहीं निकाला गया तो आगामी रवी फसल हजारों एकड़ में नहीं बोई जा सकती ।

जनपद में डीएपी खाद की विकराल समस्या बन चुकी है। आगामी फसल बुवाई के लिए तत्काल प्रभाव से किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध करायी जाए। विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण जिले में विद्युत समस्या विकराल रूप ले चुकी है।

विद्युत व्यवस्था सुचारू कराई जाए। उपरोक्त सभी समस्याओं को किसान हित में संज्ञान लेकर तत्काल प्रभावी कराया जाए। एका कस्बा में जर्जर तारो की स्थिति है। काफी ज्ञापन दिया गया मगर कोई सुनवाई नहीं।

प्रतिनिधिमंडल से रमेश रंजन ज़िलाधिकारी फि रोजाबाद ने मुलाकात की और अधिकतर समस्याओं का निस्तारण तुरंत किया। बाकी की किसानों की समस्याओं का निस्तारण आश्वासन दिया है । मोहित यादव,जीताक माला सोलंकी,अंकुर, विनीत सिंह ,संजय चौहान,आकाश,वरुण,बिजेंद्र,मनीष,रितिक,विवेक,शशी कपूर,अनिल फरीदा,बीटू प्रधान,राजेंद्र सिंह,भूरी सिंह,रामबरेश,प्रवीण,जसवंत सिंह,अजीत,भगवान दास, सुनील,दिलीप,सोनू, संगीत,अजय मोहन शर्मा, प्रेम सिंह आदि सैकड़ो किसान और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नीमा की बैठक में किया विचार विमर्श नए सदस्यों को दिए प्रमाण पत्र

हाथरस। एक रेस्टोरेंट में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) की आवश्यक बैठक नीमा संगठन के संरक्षक डॉक्टर सौरभ उपाध्याय जी की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा संगठन, आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सकौं के हित हेतु विभिन्न प्रस्ताव पास हुए तथा संगठन को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इस कार्यकाल की नीमा की प्रथम मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा वर्ष के प्रत्येक तिमाही पर संगठन के लिए एक हजार रुपए प्रति सदस्य स्वेच्छा से संगठन तथा चिकित्सकों के हित के कार्य के लिए दिए,वही भगवान श्री धन्वंतरि जयंती के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में मौजूद सदस्यों ने विधिक बिंदुओं तथा संगठन के कार्य, कार्यकाल तथा अग्रिम कार्यक्रम के लिए भी चर्चा हुई। संगठन में शामिल हुए नए सदस्यों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर नीमा हाथरस के जिला अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार महासचिव डॉक्टर लोकेश शर्मा, डॉक्टर सौरभ उपाध्याय, डॉ धर्मेंद्र उपाध्याय, डॉ नूर मोहम्मद, डॉ अवधेश कुमार, डॉ मनोज अरोड़ा, डॉ शशांक अग्रवाल, डॉ मनेन्द्र कुमार, डॉक्टर मयंक मोहता, डॉ अखलेश कुमार, डॉ आर के सिंह, वैद्य पुनीत अग्निहोत्री, आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर 1 अक्टूबर को किया जाएगा वरिष्ठतम नागरिकों का सम्मान

फिरोजाबाद 23 सितंबर । वरिष्ठ नागरिक सेवा न्यास (वृद्ध जन समिति) की अनूपचंद जैन एडवोकेट की अध्यक्षता में गणेश नगर स्थित संस्था संरक्षक उद्योगपति देवी चरण अग्रवाल के निवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय पीढ़ी को अपने समाज के वरिष्ठतम लोगों से प्रेरणा मिलती है और समाज में वरिष्टतम लोगों के प्रति समर्पण और सेवा की भावनाओं को लेकर जागरूकता भी आती है इसीलिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए । संस्था सचिव द्विजेंद्र मोहन शर्मा ने कहा कि पचौरी एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन फिरोजाबाद क्लब में 1 अक्टूबर को किया जाएगा साथ ही आगे आने वाले समय में अन्य सेवा कार्यक्रमों को भी संस्था के साथ जोड़ने पर विचार विमर्श किया गया, बैठक में मुख्य रूप से देवी



वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विगत वर्षो की तरह संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित नगर के वरिष्ठतम नागरिकों का सम्मान करने का निर्णय लिया गया है ।संस्था उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा संस्था के द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि सरकार की मंशा और निदेर्शो के अनुसार वृद्ध जन के स्थान पर आगे से वरिष्ठ जन का नाम संस्था के साथ जोड़कर प्रयोग किया जाएगा ।

संस्था सचिव उमाकांत चरण अग्रवाल रमेश चंद चंचल, आनंद अग्रवाल, हरिवंश शर्मा मुकेश गुप्ता मामा, अरुण कुमार शर्मा, ललितेश कुमार जैन डा.उग्रसेन पांडे, जेपी अग्रवाल, प्रमोद कुमार जैन सोनम, आदि शामिल रहे।

# असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों ने जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

फिरोजाबादः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में एम जी बालिका की सराहना करते हुए अधिक से अधिक नवाचार को अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। धीरेन्द्र कुमार ने सभी को नवाचार के मॉडलों की प्रशंसा करते हुए ऐसे अच्छे स्टार्टअप के नवाचारों को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। भूमिका का निर्वहन डॉ देवेन्द्र शाह, डॉ ओमकार सिंह यादव, डॉ सुभाष चन्द्र शर्मा और डॉ संध्या द्विवेदी ने किया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान राजपाल सिंह, द्वितीय स्थान राकेश कुमार, तृतीय स्थान श्रीमती किरन कुमारी एवं पाँच सान्त्वना पुरस्कार क्रमशः उमा सारस्वत,



इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद में असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों की जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रबंधक अनिल उपाध्याय, प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम प्रकाश एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सदर विधायक मनीष असीजा, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, आगरा मण्डल के क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी डॉ देवेन्द्र शाह, अनिल उपाध्याय, पूनम प्रकाश एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। मनीष असीजा ने सभी नवप्रवर्तकों के नवाचारों का अवलोकन किया एवं उनके नवाचारों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देवेन्द्र शाह ने सभी नवप्रवर्तकों के नवाचारों उन्होंने नवाचारों को नवीन दिशा प्रदान करने के लिए जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद के असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों के साथ विद्यालय के कुल 312 छात्र- छात्राओं ने 112 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें मोटरसाइकिल में नवाचार, एड्जस्टेबल लैंडिंग मशीन, मोमबत्ती, अचार, मसाले, हल्दी की खेती, निकाह की पोशाक, फलों की खेती, जैविक सब्जियों, कपड़ों पर कढ़ाई, कला पत्र, लहसुन, चिकोरी, सकैचिंग, वर्मी जैविक खाद परवल, तोरई, बैंगन, नसदार बाजरा आदि नवाचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की अनुराधा सिंह, मछला वर्मा, प्रवेन्द्र कुमार एवं दिनेश चन्द्र ने प्राप्त किया। उन्हें प्रमाण पत्र के साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद द्वारा क्रमशः 8000, 5000, 3000, 2000, 2000, 2000, 2000, 2000 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान किये जाएंगे। इसी के साथ सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती पूनम प्रकाश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अंजू गुप्ता, प्रज्ञा भारती, समलेश आनंद, करुणा गुप्ता, अंजली शुक्ला, सैफी, जितेन्द्र अग्रवाल, लवी परिहार, राम किशन शर्मा, संगीता शर्मा, विष्णु शर्मा, रंजना अग्रवाल, विशाल गुप्ता एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# महिला की फांसी पर लटकने से मौत, हत्या का आरोप

फिरोजावाद। थाना मटसेना क्षेत्र में महिला की फांसी लगने से मौत हो गई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस सब को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई।

अगरू पुरा निवासी नीतू पत्नी जयराम ने फांसी लगा ली। उसे फंदे पर लटका देख परिवार के लोग घबरा गए। वह लोग चीख पुकार करने लगे। उनकी आवाज सुन वहा काफी लोग एकत्रित हो गए।

पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों की मदद से महिला को फंदे से उतारा गया। तब तक काफी देर हो चुकी थी ।फंदे पर लटकने से उसकी मौत हो गई।

उसकी मौत का पता चलते ही मायके वाले वहा पहुंच गए। उसका मायका जनपद आगरा थाना डौकी के गांव नेतपुरा में है। मायके वालों ने पति तथा ससुरालयों पर हत्या का आरोप लगाया।

उन्होंने पति सहित कई लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। एस पी सिटी ने महिला के मायके वालो ने हत्या का आरोप लगाता है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक डिवाइडर से टकराई युवक की मौत

फिरोजाबाद थाना टूंडला क्षेत्र के हजरत पुर के समीप रविवार की देर रात एक बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसके फल स्वरुप उस पर सवार युवक की मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

जनपद फतेहपुर क्षेत्र के थाना विजयीपुर के गांव नरेनी निवासी 32 वर्षीय दिलीप साहू पुत्र स्वर्गीय विश्राम साहू गाजियाबाद में रहकर दूध का काम करता था वह रविवार की रात बाइक नंबर यू पी14 एफ आर 9249 पर सवार होकर अपने घर नरेनी लौट रहा था वह थाना टूंडला के हजरतपुर के समीप पहुंचा ही था उसकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसके फल स्वरुप वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तब तक दिलीप साहू ने दम तोड़ दिया पुलिस शव को लेकर जिला अस्पताल आई जहां शव को बिछेदन ग्रह में रखवाने के बाद सूचना मृतक के परिजनों को दे दी सोमवार की प्रातः परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए जिनमें कोहराम मच गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फिरोजाबाद। थाना फरिहा क्षेत्र में पारिवारिक कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने अपने ही मोबाइल पर सुसाइड नोट बनाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भिजवाया है।

चिढ़रई निवासी अजब सिंह 28 वर्ष पुत्र राज बहादुर खेती करता था। वह शराब पीने का आदि था। शराब के नशे में उसका शनिवार को परिवार में विवाद हो गया।

उसने पत्नी की साड़ी का फंदा गले में डाल लटक गया। उसे फंदे पर लटका देखा परिवार के लोग चीख पुकार करने लगे। उनकी आवाज सुन पड़ोस के लोग भी आ गए।

पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतर गया। तब तक काफी देर हो चुकी थी। फंदे पर लटकाने से उसकी मौत हो गई। उसकी मौत का पता चलते ही परिजन रोने लगे।

पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई

# भाजपा ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क परीक्षण किया

## शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, बुजुर्ग लोगों की जाचें भी हुई फ्री

शिकोहाबाद। भाजपा संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाडा मना रहा है। जिसके अंतर्गत सोमवार को विधान सभा शिकोहाबाद का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कैप्टन अवधेश प्लाजा प्रतापपुर रोड पर आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के अलावा क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में लोगों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। शिविर में बुजुर्ग लोगों की जाचें भी निःशुल्क कराई गई।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, जिला अध्यक्ष राकेश संखवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम के संयोजक विष्णु सक्सेना, सह संयोजक रुचि चतुर्वेदी एवं शनि दिवाकर ने पट्टिका पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। संचालन महामंत्री आनंद यादव ने किया। मुख्य अतिथि कहा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संगठन द्वारा आम जनमानस की सेवा कार्यों का विस्तार से विषय रखा। उन्होंने कहा कि 23 सितंबर के दिन ही प्रधानमंत्री ने आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने की योजना की शुरूआत की थी। इस कार्ड धारक व्यक्ति को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज किया जाता है। शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं का हीमोग्लोबिन,डेंगू,रुधिर प्रोफाइल सहित हृदय रोग,डायबिटीज,उच्च रक्तचाप जैसी अनेक बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। जांच रिपोर्ट सौंप गई। डॉ अमित यादव के निर्देश पर टीम मौजूद रही।

जिसमें डॉ नेहा राजपूत,शिव लहरी, गौरव सिंह, हरगोविंद आदि ने परीक्षण किया। कार्यक्रम में श्रीनिवास शर्मा,केशव फौजी,सौरभ,सतीश यादव,अवधेश यादव,नीता धनगर,शिवम दिक्षित,गोपाल शर्मा,आशीष कठेरिया,मालती धनगर,रश्मि यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साड़ी पहन कर कोर्ट में सरेंडर किया सगे भाइयों ने

शिकोहाबाद। नौशहरा विस्फोट कांड के फरार चल रहे सगे भाइयों ने सोमवार को कोर्ट में साड़ी पहन कर सरेंडर कर दिया। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तैनात रही, लेकिन आरोपितों ने साड़ी पहन कर अपने अधिवक्ता के साथ न्यायालय पहुंचे और न्यायाधीश के सामने सरेंडर कर दिया। दोनों आरोपित पुलिस द्वारा इनाम घोषित करने के बाद लंगड़ा करने से डर रहे थे। इसी बजह से उन्होंने न्यायालय में समर्पण करने का प्लान बनाया। जिसमें वह सफल भी हो गये।

नौशहरा कांड के मुख्य आरोपित भूरे खान उर्फ नबी अब्दुल्ला को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ लिया था। उसके पैर में गोली लगी थी। जिसके बाद उसके दोनों बेटों ताज और राजा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। मुठभेड़ के डर से दोनों आरोपितों ने वकीलों से वार्ता कर सरेंडर करने का प्लान बनाया। जब दोनों आरोपितों ने सरेंडर एप्लीकेशन न्यायालय में डाली तो पुलिस सतर्क हो गई।

सोमवार को दोनों आरोपित साड़ी पहन कर न्यायालय पहुंचे और अपने अधिवक्ता के साथ दोपहर एक बजे न्यायाधीश के सामने पेश हुए। न्यायालय में दोनों आरोपितों के सरेंडर की जानकारी होते ही उनकी गिरफ्तारी के लिए तैनात पुलिस हैरान रह गई। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस को अब कुछ राहत मिलेगी। क्योंकि ग्रामीण आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दवाब बना रहे थे। उनकी गिरफ्तारी और मुआबजा को लेकर ग्रामीण और पीड़ित धरना प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

# मुनिश्री अमित सागर गुरुदेव के संघस्थ मुनिश्री अविचार सागर गुरुदेव हुए समादिस्थ :

फिरोजाबाद, श्री शीतल नाथ दिगम्बर जैन मंदिर नसिया जी में चातुर्मास कर रहे बाल योगी मुनिश्री अमित सागर गुरुदेव के संघस्थ मुनिश्री अविचार सागर गुरुदेव की कल समाधि ही गई। नगर भ्रमण के ही नगर की जैन समाज में आग की तरह फैली वैसे ही हर कोई मुनिश्री के अंतिम दर्शन पाने के लिए नासियाजी की और दौड़ने लगा। और देखते ही देखते मंदिर प्रांगण में एक विशाल जन समूह का ताँता लग गया।

विशाल मैदान में डोला के पहुँचने के पश्चात पूर्ण विधि विधान के साथ मंत्रो का उच्चरण करते हुए मुनिश्री अमित सागर के सानिध्य में श्रद्धांलुओं ने अंतिम संस्कार की विधि को संपन्न किया। और अविचार




पश्चात मुनिश्री हुए पंचतत्व में विलीन।

कल दिनांक 22 सितम्बर दोपहर को मंदिर प्रांगण में मन्त्रोंच्चारण के साथ मुनिश्री अमित सागर द्वारा मुनिश्री श्री अविचार सागर को मुनि दीक्षा दी गई थी।

उसके कुछ समय बाद ही मुनिश्री की तबियत बिगड़ने लगी अतः उन्होंने संलेखना व्रत ले लिया।

और सांय 6:25 बजे आप ब्रह्म लीन हो गए। यह खबर जैसे

प्रातः मुनिश्री की बेंड बाजों के साथ डोला निकाला गया। जो राम द्वार, हनुमान रोड घंटाघर, सदर बाजार, मोहल्ला गंज, डाक खाना, कोटला रोड होते हुए श्री पी डी जैन इंटर कॉलेज के पीछे विशाल मैदान में संपन्न हुआ।

मुनिश्री अविचार सागर के डोले की स्वयं मुनिश्री अमित सागर गुरुदेव अगुवाई कर साथ साथ चल रहे थे। सेंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जन अबीर गुलाल उढ़ाते हुए चल रहे थे।

सागर अपने सम्पूर्ण विचारों को समेटे हुए ब्रह्म लीन हो गए। मुनिश्री की अंतिम पिक्षिका पाने का सौभाग्य जय प्रकाश जैन साहू को प्राप्त हुआ।

द्वारा आदीश जैन

मुनिश्री के डोले में राजू जैन, हेमेंद्र जैन, हर्ष जैन, मोहित जैन, सुनील जैन, सुमित जैन, निखिलेश जैन, संजय जैन, सुरेश जैन, प्रवीण जैन, नरेन्द्र जैन, अर्थ जैन, मुकेश जैन के साथ सेंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नौशहरा में दूसरे दिन भी पीड़ित धरना पर बैठै

## प्रशासन के ना पहुंचने पर पीड़ितों में है आक्रोश सोमवार को दोपहर तक किसी ने नहीं खाया खाना

शिकोहाबाद। पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट के पीड़ितजनों का सोमवार को दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन सचिवलाय में जारी रहा। धरने पर बैठी ज्यादातर महिलाओं का कहना है कि जब तक उनके आवास बनवा कर नहीं दिये घर में रखे पटाखों में तेज धमाका हुआ था। जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई , जबकि 11 लोग घायल हो गए थे। जिनमें से दो का उपचार अभी भी आगरा में चल रहा है। जिन लोगों के घर पूरी तरह से उनके आवास सरकार बना कर दे। जब तक उनके आवास नहीं मिलेगा, तब तक वह सचिवालय को खाली नहीं करेंगी। इसके साथ ही जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उनके स्वजनों को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाए। इस दौरान उनके साथ



जाएंगे, तब तक वह धरने पर बैठी रहेंगीं। उनका विस्फोट में सबकुछ नष्ट हो गया है। अब वह जी कर भी क्या करेंगे। चेतावनी दी अगर उन्हें सचिवालय से हटाया गया तो वह हाईवे पर जाकर बैठ जाएंगीं। लेकिन धरना प्रदर्शन को समाप्त नहीं करेंगे।

सोमवार को नौशहरा गांव में सात दिन पूर्व रात दस बजे एक क्षतिग्रस्त हो गये हैं, अथवा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। एसे सभी पीड़ित महिलाएं अपने बच्चों के साथ सचिवालय में उसी दिन से रुक रही हैं। रविवार सुबह आठ बजे से पीड़ित महिलाओं ने सचिवालय में ही अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जो सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। पीड़ितों की मांग है कि शिकोहाबाद विधायक डॉ. मुकेश वर्मा, सिरसागंज विधायक सर्वेश यादव, जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र चंचल, डॉ. पीएस यादव, विजेंद्र यादव, विजय आर्या, केवी यादव, आदेश यादव धन्नू, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अब्दुल वाहिद, रामसेवक यादव, सराफत अली, गौरव यादव आदि मौजूद रहे।

# लापता युवक का शव नहर में मिला

फिरोजाबाद। दो दिन पूर्व लापता युवक का शव भूढ़ा नहर से बरामद हुआ। वह चूड़ी जुड़ाई का काम करता था। गोदाम ने तोड़े देने गया था। पुलिस शव पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल लेकर आई।

लक्ष्मी नगर निवासी सचिन 22 वर्ष पुत्र मानपाल चूड़ी की जुड़ाई करता था। वह शनिवार को नगला गोदाम पर चूड़ी के तोड़े देने गया था।

उसके बाद वह वापस नहीं आया। उसके घर न आने से परिवारीजन चिंतित हो गए। काफी प्रयासों के बाद भी उसका सुराग नही लगा।

परिवारिजनो का कहना है उसकी रेड़ी पड़ोस के आटो चालक को भुड़ा नहर के समीप खड़ी दिखाई दी।

पता चलते ही उसके परिवार के लोग नहर पर पहुंचे। उन्होंने गोताखोरों से नहर में उसकी तलाश कराई। पुलिस भी वहा पहुंच गई।

काफी तलाश के बाद उसका शव

छेछामई पुल के समीप मिला। शव मिलते ही वह लोग रोने लगे। वह बूढ़ा नहर पर कैसे पहुंचा। इसके बारे में कोई परिवारीजन जबाव नही दे सके। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399. 9411927251, 9259041013, 9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com